




# एमएसएमई- विकास कार्यालय, नैनी, प्रयागराज की ओर से एमएसएमई के विकास पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** कार्यशाला के विषयों में एमएसएमई मंत्रालय की योजनाएॅ, राष्ट्रीय विकास के लिए नवाचार और स्टार्टअप की छिपी हुई संभावनाओ को तलाशना, निर्यात प्रक्रिया और दस्तावेज, बौद्धिक संपदा अधिकरों पर चर्चा, उद्योग तरह के प्रयासों एवं सभी और जवान सहयोग से हमें प्रयागराज को देश में एक बड़े औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है टेक्निकल सेशन की शुरुआत करते हुए विशेषज्ञ वक्त डॉक्टर टीवी राजीव प्रोफेसर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज काशी हिंदू विश्वविद्यालय विशेषज्ञ वक्त के रूप में श्री आलोक श्रीवास्तव सहायक निदेशक फिर कानपुर उत्तर प्रदेश ने निर्यात की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों पर अपना व्याख्यान दिया श्री आलोक श्रीवास्तव ने आयात निर्यात के वैश्विक बाजार की पूरी स्थिति स्पष्ट करते हुए उसमें भारत उत्तर




एवं व्यापार जगत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स की संभावनाएॅ, गवर्नमेट ई-मार्केटिंग (GeM) शामिल थे। कार्यकम की शुरुआत एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज के प्रमुख श्री एल बी एस यादव ने की। उन्होंने सभी उद्यमियॉ एवं विशेषज्ञों का स्वागत करने के पश्श्चत उद्मियों को कार्यकम की पूरी याजना से अवगत कराया एवं एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं जैसे कि कलस्टर विकास योजना, मंत्रालय द्वारा दी जोने वाली बौद्धिक संपदा अधिकारों से से संबंधित सहायता आदि के बारे मे बताया। श्री एल बी एस यादव ने सभी उद्यमियों को 19 मार्च 2025 को लखनऊ में आयोजित होने वाली विलंभ भुगतान से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला में भी हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। उद्योग जगत से पधारे गणमान्य अतिथियों में शामिल श्री एस के जैन, अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, डॉ जी एस दरबारी, स्टनर अप चेंबर ऑफ कॉमर्स श्री अरविंद राय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ ने सभी को संबोधित किया एवं कार्यशाला की अहमियत को स्पष्ट करते हुए बताया कि इस ने राष्ट्र विकास के लिए नवाचार एवं स्टार्टअप की छिपी हुई संभावनाएं पर अपना व्याख्यान दिया प्रोफेसर राजीव ने किसी भी बड़ी उपलब्धि में बड़े सपनों की अहमियत को रेखांकित किया उन्होंने बिजनेस ग्रोथ एवं नवाचार प्रोडक्ट्स डाइवर्सिफिकेशन रिसर्च और डेवलपमेंट की अहमियत पर विस्तृत चर्चा की उन्होंने बताया कि रिसर्च और डेवलपमेंट के क्षेत्र में स्टार्टअप की आज बड़ी भूमिका निभा रहे है। वे न केवल नवाचार के इंजन है बल्कि साथ मे रिसर्च और डेवेल्पमेंट को सस्ता भी कर रहे है। विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के बीच सुगम संवाद जगत की विभिन्न समस्याओं को दूर किया जा सकता है उन्होंने कहा की अब नए आइडिया को सुरक्षित रखने के लिए आईडिया डेटाबेस बनाने की बात कही, ताकि बौद्धिक संपदा अधिकारी के लिए जा सके और क्षमतावान निवेशक उनमें निवेश करके उन्हें साकार कर सके जलमार्गों के लिए उपयोग से उदयमी अपने लॉजिस्टिक खर्च को कम कर सकते हैं अंत में उन्होंने साथ में मिलकर समस्याओं को चुनौतियों में बदलने और सम्मिलित प्रयास करने की अपील की दूसरे प्रदेश एवं जनपद के स्तर पर प्रयागराज की अवस्थिति पर विस्तृत चर्चा की उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बाजार की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की निर्यात बढ़ाने के लिए कुछ मुख्य सूचक सूचकांको पर ध्यान देने जोर दिया जैसे किन-किन देशों में किन प्रोडक्ट्स की मांग है हमारे प्रतिस्पर्धा किन देशों के साथ कैसे हम प्रतिस्पर्धा में आगे निकल सकते हैं नवाचार को कैसे आगे बढ़ाया जाए कुशल वर्कफोर्स में कैसे हम निर्यात बाजारों में बाढ़ मिल सकती है निर्यात प्रक्रिया पर जानकारी देते हुए उन्होंने निर्यात संबंधित नियामक संस्थाओं और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जैसे Import-Export code (ICE) । निर्यात को सुगम बनाने वाली भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी उन्होंने विस्तृत जानकारी दी अंतरराष्ट्रीय बाजार में मुद्रा के लेनदेन पर भी श्री श्रीवास्तव ने प्रकाश डाला मुक्त व्यापार समझौते फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स पर भी संक्षिप्त ज्ञान जानकारी दी तीसरी विशेष वक्ता के रूप में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्था इलाहाबाद के प्रोफेसर प्रतीक भारद्वाज और डॉक्टर विनीत तिवारी ने सम्मिलित रूप में उद्योग एवं व्यापार जगत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंश (AI) के प्रयोग पर व्याख्यान दिया प्रोफेसर प्रतीक (AI) का परिचय दिया और उद्यमों में उसके प्रयोग की विभिन्न संभावनाओं की ओर संकेत किया प्रोफेसर प्रतिश के अनुसार प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग प्रोडक्ट्स चुन्नी और उसे खरीदने में ग्राहक की मदद वर्कफोर्स का स्किल डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग में ऐसी भी प्रक्रियाएं जो बार-बार दोहराई जाती हैं इन सभी में (AI) का प्रयोग किया जा सकता है उन्होंने यह भी जानकारी दी आईआईआईटी प्रयागराज उद्यमियों की जरूरतों के हिसाब से कस्टमाइज्ड चाटबॉट मुफ्त में बना रहा है जिसका ज्यादा से ज्यादा उद्यमी लाभ ले सकते हैं डॉक्टर विनीत तिवारी उन्होंने कुछ ऐसी स्टडीज की मदद से उद्यमिता मे (AI) की उपयोगिता को रेखांकित किया उनके अनुसार ए आई अब कोई लग्जरी नहीं है बल्कि एक जरूरत बन चुकी है। श्री दुर्गेश बरनवाल अधिवक्ता ने बौद्धिक संपदा अधिकारियों में ट्रेडमार्क डिजाइन पेटेंट कॉपीराइट ट्रेड सीक्रेट आदि के बारे में जानकारी दी एवं बताया कि किन-किन चीजों को इन अधिकारियों के तहत सुरक्षित किया जा सकता है उन्होंने उक्त बौद्धिक संपदा अधिकारियों से संबंधित अधिनियमों एवं संस्थाओं के बारे में भी बताएं श्री संजय सिंह सहायक निदेशक एमएसएमई विकास कार्यालय प्रयागराज ने बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार लेने में एमएसएमई इकाइयों के खर्चे में प्रतिपूर्ति एमएसएमई मंत्रालय द्वारा की जाती है जिसका लाभ उद्यमी ले सकते अंत में प्रश्नोत्त्र सत्र आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागी उद्यमियों के सवालों के जवाब दिए गए समापन के समय सभी संबोधित करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ पीके घोष ने कहा महाकुंभ ने प्रयागराज को ब्रांड बनाया है इसने साधन और साधना दोनों को साथ-साथ लाया है अब प्रयागराज को उदगमिता का ब्रांड बनाने का समय है कार्यशाला में 135 उद्यमी ने भाग लिया।

# थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा अवैध अफीम की खेती करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध अफीम पोस्ता के पौधे व फल ढोड़ ( कुल वजन-186 किलो 470 ग्राम ) बरामद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में दिनांक-17.03.2025 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढोकरी कछार में हौसला प्रसाद पटेल पुत्र स्व0 रामअभिसाल पटेल निवासी ग्राम ढोकरी उपरहार थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज व नीरज पटेल पुत्र हौसला प्रसाद पटेल निवासी ग्राम ढोकरी उपरहार थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा कृषि भूमि पर अन्य फसलों के साथ अफीम पोस्ता की खेती करने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हण्डिया द्वारा तत्परता से मौके पर पहुंच कर सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया, तहसीलदार फूलपुर व राजस्व टीम को सूचना दी गयी । सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया, तहसीलदार फूलपुर व राजस्व टीम द्वारा थाना हण्डिया पुलिस टीम के साथ संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुये अवैध अफीम ढोड़ की खेती में पानी लगा रहे एवं रखवाली कर रहे अभियुक्त नीरज पटेल पुत्र हौसला प्रसाद पटेल निवासी ग्राम ढोकरी उपरहार थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को मौके से खड़ी फसल के 1736 पौधे व 2193 फल (अनुमानित कीमत लगभग 1.5 करोड़) के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी/गिराफ्तारी के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-138/2025 धारा-8/18 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अभियुक्त द्वारा कृषि हेतु खेत किराये पर लेकर खेत में अन्य फसलों के साथ अवैध रुप से अफीम की फसल तैयार की जाती थी **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** नीरज पटेल पुत्र हौसला प्रसाद पटेल निवासी ग्राम ढोकरी उपरहार थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 19 वर्ष **पंजीकृत अभियोग का विवरण-**




मु0अ0सं0-138/2025 धारा-8/18 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज **बरामदगी का विवरण-** 1. अवैध अफीम पोस्ता के पौधा-1736/- 2. अवैध अफीम पोस्ता के फल-2193 /- 3. अवैध अफीम पोस्ता के पौधा व फल ढोड़ का कुल वजन-186 किलो 470 ग्राम (अनुमानित कीमत लगभग 1.5 करोड़) **गिरफ्तारी/कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-** 1. सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया सुनील कुमार सिंह, कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. रवीन्द्र नाथ रावत, नायब तहसीलदार फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज । 3. प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 4. प्रमोद कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक तहसील फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज । 5. उ0नि0 चन्द्रशेखर यादव, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 6. उ0नि0 रिजवान असकरी, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 7. उ0नि0 अजीत साहनी, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 8. राहुल, क्षेत्रीय लेखपाल हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 9. राकेश कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 10. का0 मनीष यादव, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 11. का0 अनील यादव, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 12. का0 अभिषेक कन्नौजिया, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 13. का0 पुष्पेन्द्र तेवतिया, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 14. का0 विवेक यादव, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 15. म0का0 सोनम देवी, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज । 16. म0का0 अंजना वर्मा, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# प्रयागराज महापौर ने झूंसी नगर निगम भवन का किया की उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।/ झूंसी।** नगर निगम कार्यालय झूंसी जोन 8 की नई बिल्डिंग का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। महापौर गणेश केसरवानी ने भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय पार्षदों के साथ उद्घाटन कर कर्मचारियों, क्षेत्र वासियों को सौगात प्रदान किया। महापौर ने उद्घाटन के बाद कहा कि विस्तारित क्षेत्र में विकास की गंगा निरन्तर बह रही है। प्रत्येक वार्डो में लगभग 10 करोड़ का कार्य सम्पन्न हुआ और हो रहे है। उक्त बिल्डिंग के निर्माण कार्य में 1 करोड़ 151 लाख की लागत आया है। उक्त अवसर पर महामंत्री मनोज निषाद,झूंसी मंडल अध्यक्ष रोहित निषाद के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय पार्षदों ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया। महापौर ने वक्तव्यों में कहा




कि प्रयागराज के विकास में मिलेगी नई गति देखने को मिल रही है और झूंसी के जोन 8 में नई बिल्डिंग में आधुनिक सुविधाएं और तकनीकी से परिपूर्ण है जिससे लोगों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं मिल सके। वहीं नगर निगम के सभी वार्डो के पार्षद ने जोनल अधिकारी पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए कहा कि वार्डो में गंदगी नहीं उठाई जा रही साथ ही साथ बदलते मौसम और बढ़ते मच्छरों को देखते हुए नगर निगम के द्वारा नगर व गांव में फागिंग नहीं की जा रही है। क्षेत्र में बजबजाती नालिया गंदे पानी का जल जमाव के कारण मच्छर पनपते है जिससे लोगों को संचारी बीमारियों से ग्रसित कर रहे है और नालों की सफाई नहीं हो रही है जिससे जलभराव हो रहा। पार्षदों की शिकायत पर महापौर ने तत्काल जोनल अधिकारी को दिशा निर्देश देकर संपूर्ण मामले का निस्तारण करने को कहा है। उक्त अवसर पर पार्षद अनिल यादव, शिवनारायण यादव, सुमित निषाद, कन्हई लाल, सियाराम मौर्या, मंजीत यादव, राम मिलन पासी के साथ मोहित केसरवानी, राम बाबू केसरवानी, सहित भाजपा तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है

श्री महन्त
अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी नैनी, प्रयागराज
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity



प्रदेश आस/पास



भारत

## महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई 19 मार्च को

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह 19 मार्च 2025 को पी0डब्लू0डी0 गेस्ट हाउस में पूर्वाह्न 11:00 बजे महिला उत्पीड़न के रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## डीएम ने नेत्र परीक्षण की कम्प्यूटराइज मशीन का किया लोकार्पण

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**रायबरेली।** श्री गांधी धर्मशाला प्रबंध समिति की ओर से मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय को नेत्र




परीक्षण की कंप्यूटराइज मशीन प्रदान की गई जिसका लोकार्पण जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, श्री गांधी धर्मशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष के के अग्रवाल के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मशीन नेत्र रोगों के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाए प्रदान करने में मदद करेगी।प्रबंध मंत्री सोम प्रकाश अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्य अतुल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस आधुनिक मशीन से जिले भर से आने वाले नेत्र रोगियों की उचित जांच हो सकेगी। उपप्रबंध मंत्री उमेश सिकरिया एवं कार्यकारिणी सदस्य महेश नारायण अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 1953 में स्थापित श्री गांधी धर्मशाला को वर्तमान प्रबंध समिति द्वारा आधुनिकीकरण कर आम जनता को कम दरों पर बेहतर सेवाएं दी जा रही है। चिकित्सालय के प्रभारी डॉ एस के कटियार ने प्रबंध समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब इस अस्पताल में आधुनिक स्तर की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, श्री गांधी धर्मशाला प्रबंध समिति के कार्यकारिणी सदस्य राधारमण अग्रवाल, राम जी अग्रवाल, संदीप जैन, प्रकाश मुरारका ,मोहित अग्रवाल, अजय बंसल, प्रवीण अग्रवाल, अभिषेक गोयल,भवेश अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने सेतु निगम द्वारा निर्माणाधीन फ्लाई ओवर का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने आज मुंशीगंज एम्स में सेतु निगम द्वारा निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सेतु निगम द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य पूर्ण करने की समय सीमा दिसम्बर 2026 निर्धारित है लक्ष्य के सापेक्ष समयबद्ध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके सम्बद्ध में निर्देशित किया गया कि समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि डलमऊ की तरफ डायवर्जन रोड का चौड़ीकरण निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाये। डायवर्जन रोड हल्के वाहनों के लिए है, इसलिए यह भी सुनिश्चित कराया जाये कि भारी वाहन उक्त सड़क का प्रयोग न करें, इसके लिये हाइटगेज पूर्व की भांति स्थापित कराया जाये। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, डी0पी0एम0 सेतु निगम पूजा श्रीवास्तव सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## हादसे में एक साल में हुईं चार मौतें, 50 से ज्यादा घायल; सीएम के आगमन पर सड़क पर आ गए थे पशु

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**वाराणसी।** वाराणसी जिले में छुट्टा पशु बने आफत बने हैं। इनके चलते कई बार लोग हादसे का सिकार हो जाते हैं। इसी क्रम में एक साल में हुए हाजसों में चार मौतें हो चुकी हैं। जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। सड़कों पर घूमते छुट्टा पशु आफत बने हैं। ऐसा कोई चट्टी-चौराहा नहीं जहां छुट्टा पशुओं का जमावड़ा न लगता हो। नगर निगम का पशु पकड़ो दस्ता होने के बावजूद मुख्यमंत्री आगमन के दौरान कबीरचौरा में सड़क पर पशु आ गए। इस मामले में दो बेलदार को निलंबित और 14 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए सेवा से विरत कर दिया। इसी से पशु दस्ते की कार्यप्रणाली का अंदाजा लगाया जा सकता है। छुट्टा पशुओं के चलते हुए हादसों में एक साल में 4 मौतें और 50 से अधिक घायल हो चुके हैं।नगर की टीम ने एक साल में 3000 छुट्टा पशु पकड़े और जुर्माना के रूप में 11.10 लाख रुपये वसूले। इन छुटटा पशुओं के चलते आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार होते हैं। पशु पकड़ो दस्ते में कुल 4 गाड़ियां और 20 कर्मचारी हैं। इन पर वार्षिक लाखों रुपये खर्च होते हैं। दस्ते को हाल ही में दो हाइड्रोलिक प्लेटफार्म युक्त वाहन भी मिले हैं।नगर निगम सांड़ के अलावा गाय, कुत्ते व सुअर को पकड़ना है। सांड़ व गाय को तो गोशाला और कांजी हाउस में रखा जाता है। प्रत्येक पशु के चारे का धन पशु पालक से ही वसूला जाता है। यदि पशु पालक आ गया तो जुर्माना वसूल कर पशुओं को छोड़ दिया जाता है। शहर के मुख्य मार्ग पर छुट्टा पशुओं के चलते जाम लगता है। कैंट से लगायत काशी, मण्डुवाडीह, शिवपुर व सारनाथ रेल स्टेशनों, बस स्टैंडों के पास रात में जमने वाला पशुओं का झुंड आफत बने हैं। गोदौलिया, चौक, मैदागिन, विश्वेश्वरगंज, लहुराबीर, मलदहिया, कैंट, सिगरा, रथयात्रा, लंका सहित अन्य मुख्य मार्गों की पटरियां अतिक्रमण की शिकार तो हैं।



## 48 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को अग्निदुर्घटना/लू से बचाव के लिए जानकारी व प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में आयोजित जनपद के समस्त 48 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिकाओं को अग्नि दुर्घटना/लू से बचाव के लिए जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया व साथ आग बुझाने के तरीको से अवगत कराते हुए घरेलू साधनों से भी आग बुझाने का अभ्यास भी कराया गया एवं आकस्मिकता की स्थिति में अपना बचाव करते हुए सुरक्षित तरीके से निकलने का भी अभ्यास कराया गया, साथ ही उनसे अपेक्षा की गयी कि वह सभी लोग वापस जाकर अपने विद्यालय के सभी अध्यापक व छात्र/छात्राओं को भी जानकारी व प्रशिक्षण से अवगत कराते हुए की गई कार्यवाही की सूचना अग्निशमन विभाग को उपलब्ध कराएंगे इस प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम में सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक व जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य व प्रवक्ता के साथ बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।



## लाठी-डंडा लेकर देशी शराब की दुकान में पहुंची महिलाएं, तोड़फोड़, पेटियां सड़क पर फेंकी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**वाराणसी।** शराब को लेकर महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा और लाठी डंडे लेकर महिलाएं



विरोध करने पहुंच गई। इतना ही नहीं पेटियां सड़क पर फेंककर तोड़फोड़ की और ठेका बंद कराने की मांग की। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर चट्टी का है। सदर कोतवाली क्षेत्र के बसिला नसीरपुर चट्टी पर अंग्रेजी शराब की दुकान आवंटित होने की जानकारी होने से पहले ही दर्जनों की संख्या महिलाओं ने देसी शराब की दुकान पर पहुंचकर जमकर तोड़फोड़ कर चंदौली कैली मार्ग पर धरने पर बैठकर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर दुकान हटवाने के आश्वासन पर जाम समाप्त कराया।क्षेत्र के बसिला नसीरपुर चट्टी पर देसी शराब की दुकान पिछले 5 वर्षों से चलाई जा रही है। यहां पर शाम ढलते ही आधा दर्जन गांवों के लोग एकत्रित होकर शराब के नशे में धूत होकर जमकर उत्पाद मचाने का काम करते हैं ।

## पहले बीजेपी कार्यालय में झाड़ू लगाने पर उड़ाते थे मजाक, अब जिलाध्यक्ष का पद मिला तो देने लगे बधाई

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**बलिया।** बलिया में भाजपा के नए जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर



संजय मिश्रा के घर बधाइयों का तांता लगा है। वहीं संजय मिश्रा की आंखें अपने पुराने दिनों को याद कर नम हो जाती हैं। कहते हैं कि पहले कार्यालय में झाड़ू लगाने पर लोग मजाक उड़ाते थे। बलिया जिले में नए भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में संजय मिश्रा की ताजपोशी हो गई है और उन्हें लोगों द्वारा बधाईयां भी मिल रही है। लेकिन शायद कम ही लोगों को पता है कि 1992 के दशक में बजरंग दल के नगर स्वयंसेवक के रूप में उनकी यात्रा शुरू हुई। संजय शुरुआती दौर यानी वर्ष 2005 में पार्टी के जिला कार्यालय में झाड़ू लगाने का काम करते थे। इसके अलावा कार्यालय में आने वाले कार्यकर्ताओं की हर संभव मदद करना उनकी दिनचर्या में शुमार था। भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा बताते हैं कि वर्ष 2005 में पार्टी से जुड़ने के बाद उनकी दिनचर्या थी कि सुबह उठकर सबसे पहले कार्यालय का ताला खोलकर झाड़ू लगाना और उसके बाद कुर्सियां ठीक करना। बताते हैं कि इसके लिए उन्हें कई बार बहुत जलील भी होना पड़ा और उनका मजाक भी उड़ाया गया। कभी- कभी तो परिस्थितियां प्रतिकूल होने पर परिजनों से फटकार भी झेलनी पड़ी। बताते हैं कि अपने परिवार की जरूरतों को छोड़कर पहले पार्टी के कार्यों को पूरा करने के चक्कर में उन्हें पिता से मार भी खानी पड़ती थी, लेकिन एक स्वयंसेवक होने के नाते फिर सबकुछ भूल कर अपने मिशन में जुट जाते थे। संजय बताते हैं कि प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से लेने के बाद वह आरएसएस से जुड़ गए और राजनीति में भी हर कदम पर संघ की सीख उनके काम आई।भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बीते दिनों को याद करते हुए बताया कि संगठन में कार्य करते वक्त कभी-कभी प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ता था। उस समय संगठन का कार्य कर वापस लौटने पर इतनी भी धनराशि जेब में नहीं होती थी कि वाहन का किराया देकर वापस घर लौट सकूं।

## नवरात्र में मां के धाम पहुंचना आसान नहीं, सभी ट्रेनें हो चुकी हैं फुल

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**वाराणसी।** नवरात्र में मां वैष्णो देवी, कामाख्या धाम और मैहर जाने वाली ट्रेनों में सीटें फुल हैं। ऐसे में माता के दरबार जाना आसान नहीं होगा। कैंट स्टेशन से मैहर जाने वाली



सभी ट्रेनों में नवरात्र तक सीटें नहीं हैं। वासंतिक नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहा है और मां धाम को जाने वाली ट्रेनों में सीटें अभी से फुल हो चुकी हैं। गुवाहाटी से लेकर जम्मू और मध्य प्रदेश के मैहर धाम जाने वाली ट्रेनों की सभी श्रेणियों में टिकट वेटिंग है। ऐसे में ट्रेन से मां के धाम तक पहुंचना भक्तों के लिए आसान नहीं हैं।कैंट स्टेशन से मां वैष्णो देवी धाम जम्मू जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस, कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस, अर्चना एक्सप्रेस के सभी श्रेणियों में अभी से ही लंबी वेटिंग है। वहीं, नवरात्र के दौरान 100 से भी ऊपर वेटिंग है। जम्मूतवी और अर्चना एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सीटें रिग्रेट हो चुकी हैं। उधर से वाराणसी वापसी में भी कंफर्म सीटें नहीं हैं। कैंट स्टेशन से मैहर जाने वाली गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस, महानगरी, बनारस-एलटीटी, गोरखपुर-एलटीटी, सारनाथ एक्सप्रेस, कामायनी, काशी तमिल एक्सप्रेस, सिकंदराबाद, गोंदिया एक्सप्रेस के सभी श्रेणियों में नवरात्र तक सीटें नहीं हैं।कैंट स्टेशन से गुवाहाटी के कामाख्या धाम को जाने वाली कामाख्या एक्सप्रेस, दरभंगा राजधानी एक्सप्रेस के किसी भी श्रेणी में कंफर्म सीट नहीं है। गुवाहाटी एक्सप्रेस में स्लीपर और थर्ड एसी में सीटें रिग्रेट हो चुकी हैं। यही नहीं, पीडीडीयूनगर से गुवाहाटी जाने वाली ब्रह्मपुत्रा मेल, नार्थ इस्ट, डिब्रूगढ़ नई दिल्ली राजधानी, पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति समेत अन्य ट्रेनों में भी कंफर्म सीटें नहीं है। ऐसे में मां के धाम दर्शन पूजन का प्लान बनाने वाले यात्रियों को निराशा हाथ लग रही है। टूर ऑपरेटर आकाश तिवारी ने बताया कि बहुत से यात्री टिकट करवाना चाहते हैं लेकिन किसी भी ट्रेन में कंफर्म सीट नहीं मिलने के कारण निराश हो रहे हैं कैंट रोडवेज बस स्टेशन से विंध्याचल के लिए हर पांच मिनट पर रोडवेज बसें चलेंगी। 150 से अधिक अतिरिक्त फेरे में बसों का संचालन होगा। रोडवेज वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि सभी डिपो से विंध्याचल के लिए अतिरिक्त फेरे में बसों का संचालन किया जाएगा। एसी और साधारण बसों का संचालन भी होगा। यात्रियों का दबाव बढ़ने पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी।

## 25 मार्च से यूपी कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 25 से ज्यादा पाठ्यक्रम व 3000 सीटें

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**वाराणसी।** यूपी कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू हो जाएगी। इसके लिए एक महीने तक ऑनलाइन आवेदन फार्म भरा जाएगा। 25 से ज्यादा पाठ्यक्रम व 3000 सीटों पर दाखिले होंगे। उदय प्रताप (यूपी) कॉलेज में 25 मार्च से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एक महीने तक ऑनलाइन फॉर्म भरा जाएगा। 25 से ज्यादा कोर्स के 66 विषयों में 3000 सीटों पर अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। बीए, बीएससी, बीएएसी एजी, बीकॉम, एमए, एमएससी, एमकॉम और एमएससी कृषि समेत 4 डिप्लोमा कोर्स भी नए सत्र से चलाए जाएंगे। आवेदन करने वालों को यूपी कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर पूरा फॉर्म भरना होगा। जनरल और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा में आवेदन के लिए 850 रुपये देने होंगे, जबकि एससी-एससी एसटी को 750 तक चुकाने होंगे। प्रवेश प्रक्रिया को लेकर कॉलेज में 22 मार्च को एक बैठक होगी। इसके बाद आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी। एडमिशन ब्रोशर तैयार है। इसे वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। सीटों की संख्या से लेकर पीजी कोर्स और मेजर-माइन कोर्स तय होंगे। कला, कॉमर्स, बीएससी एजी, गणित और बायो, पीजी में साइंस, आर्ट कॉमर्स और डिप्लोमा में ऑनलाइन



प्रवेश होगा। फॉर्म भरने के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। यूपी कॉलेज की वेबसाइट हृ्रेः// .ल्ज्म्दर्त्तु्र्.म्.ग्ह/प्दस पर क्लिक कर अप्लाई किया जा सकता है। करीब 10 हजार या इससे ज्यादा अभ्यर्थी फॉर्म भरेंगे। स्नातक में 5 कोर्स में प्रवेश लिया जाएगा। वहीं, स्नातकोत्तर में 16 और डिप्लोमा के 4 कोर्स में प्रवेश दिया जाएगा। स्नातक के तहत बीए में 663 सीट, बीकॉम में 264, बीएससी मैथ में 462, बीएससी बायो में 462 और बीएससी-एजी में 165 सीटों पर प्रवेश होगा।

## रेलवे ने कहा- मालवीय पुल से भारी वाहनों का बंद कराएं आवागमन, बन सकते हैं खतरे का कारण

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**वाराणसी।** वाराणसी जिले के मालवीय पुल से भारी वाहनों के आवागमन को लेकर रेलवे ने चिंता जताई है। कहा है कि पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद कराएं। इस पर एडीसीपी ट्रैफिक ने कहा है कि ऐसी व्यवस्था कराएंगे कि यहां से भारी वाहन न आ-जा सकें। राजघाट स्थित डबल डेकर मालवीय पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर उत्तर रेलवे ने चिंता जताई है। उत्तर रेलवे ने कमिश्नरेट की ट्रैफिक पुलिस को मालवीय पुल से रात में भारी वाहनों के आवागमन की फोटो भेजी है। कहा है कि भारी वाहन वर्षों पुराने पुल के लिए खतरे का कारण बन सकते हैं। इसलिए मालवीय पुल पर से भारी वाहनों के आवागमन पर प्रभावी तरीके से रोक लगाई जाए।ब्रिटिश काल में वर्ष 1887 में राजघाट स्थित मालवीय पुल का उद्घाटन किया गया था। पहले इस पुल का नाम डफरिन ब्रिज था। देश की आजादी के बाद वर्ष 1948 में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के नाम पर पुल का नाम बदल कर मालवीय पुल कर दिया गया। भारी वाहनों के आवागमन के चलते अगस्त 2014 में मालवीय पुल में दरार आ गई थी। मरम्मत के बाद मालवीय पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई थी। भारी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए पुल के दोनों ओर लगाए गए हाइट गेज बैरियर और गर्डर लगाए गए थे। मौजूदा समय में इक्का-दुक्का गर्डर छोड़ कर बाकी सब गायब हो गए हैं। इसके चलते भारी वाहनों को आवागमन में आसानी होती है। गत दिनों प्रयागराज के महाकुंभ के पलट प्रवाह के दौरान मालवीय पुल से रात में भारी वाहन गुजरते हुए देखे गए थे। इसे लेकर उत्तर रेलवे ने चिंता जताते हुए मालवीय पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग पुलिस से की है। उधर, इस संबंध में पूछे जाने पर एडीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि संबंधित विभागों को पत्र भेज कर पुल के दोनों छोर पर हाइट गेज बैरियर और गर्डर इस तरह से लगवाए जाएंगे कि भारी वाहन न आ-जा सकें। आदमपुर और रामनगर थानाध्यक्ष को कहा भी गया है कि किसी भी सूरत में मालवीय पुल से भारी वाहन न गुजरने पाएं।



## लखटकिया चांदी, बेलगाम हुआ सोना, जौहरी बाजार हुआ बेरंग रिकॉर्ड पर पहुंचा दाम

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**वाराणसी।** सोने और चांदी का भाव आसमान छू रहा है।चांदी की कीमत एक लाख पार हो गई। वहीं सोन रिकॉर्ड भाव पर पहुंच गया। है। उधर, निवेशकों की इस समय चांदी है। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ ने बताया कि औद्योगिक उपयोग की वजह से चांदी की मांग बढ़ी है।सोने निवेश की दृष्टि से बाजार में चहल पहल है। मंगलवार को सोने का भाव प्रति दस ग्राम 91700 रुपये और शुद्ध चांदी की कीमत प्रति किलो 100750 रुपये रही। चौक के





बीते ढाई महीने में 12480 रुपये सोने और 11850 रुपये चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में उथल पुथल के बीच सराफा के भाव आसमान छू रहे हैं। सोने और चांदी के दाम अब तक के अपने सबसे उच्चतम रिकॉर्ड पर पहुंच गए हैं। एक लाख रुपये प्रति किलो चांदी की कीमत हो गई है जबकि सोने की कीमत 91 हजार प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है। बीते ढाई माह में 12480 रुपये प्रति दस ग्राम सोना और 11850 रुपये प्रति किलो चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। सराफा कारोबारियों के अनुसार वैवाहिक लग्न थमने के बाद उम्मीद थी कि सोने और चांदी का भाव थोड़ा गिरेगा लेकिन यह और बढ़ता जा रहा के साथ ही चांदी में आई तेजी की वजह से अब ग्राहक भी इसे सुरक्षित निवेश मान रहे हैं। इधर कुछ दिनों में चांदी की पायल, करधनी, चेन, पाजेब, कड़े, बिछिया आदि की खरीदारी तेजी से बढ़ी है। इसके अलावा कुछ ऐसे भी लोग हैं जो 100 ग्राम से 250 ग्राम चांदी के बर्तन भी खरीद रहे हैं। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के जिला महामंत्री किशोर सेठ ने बताया कि भाव में लगातार वृद्धि से बाजार प्रभावित है। नवरात्र से सराफा बाजार दमकने लगता है। उसकी तैयारियां हफ्ते भर पहले से ही शुरू हो जाती हैं। हालांकि, इस समय कीमतें बढ़ने से ग्राहकों ने बाजार से दूरी बना ली है। सिर्फ सराफा कारोबारी रवि सर्राफ कहते हैं कि सराफा भाव में वृद्धि के चलते बाजार में बिक्री घटकर आधी से भी कम हो गई है। अधिकतर सराफ अब नवरात्र का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि जिस तरह से भाव में तेजी है, नवरात्र तक भाव में नरमी की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ ने बताया कि वर्तमान में शेयर बाजार लुढ़कने से लोग सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं। यकीन है कि अगर फायदा न हुआ तो नुकसान की भी गुंजाइश नहीं होगी। इस समय शेयर बाजार में असमंजस की स्थिति है।

# स्पोर्ट्स







## बदल सकता है केकेआर-लखनऊ मैच का कार्यक्रम, जानें वजह; छह अप्रैल को कोलकाता में होना था मुकाबला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 2025 का आईपीएल सीजन 22 मार्च को ईडन गार्डेंस में शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन



केकेआर का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच से पहले 35 मिनट का शानदार उद्घाटन समारोह होगा। कोलकाता नाइटराइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच यहां ईडन गार्डन में 6 अप्रैल को होने वाले मैच के कार्यक्रम में बदलाव हो सकता है। पुलिस ने रामनवमी उत्सव के कारण मैच को सुरक्षा के मद्देनजर मंजूरी प्रदान नहीं की है। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने स्थानीय पुलिस के साथ दो दौर की बातचीत के बाद इस बात की पुष्टि की है कि अभी पुलिस ने इस मैच के लिए अनुमति नहीं दी है। स्नेहाशीष गांगुली ने कहा, 'बिना पुलिस सुरक्षा के 65 हजार दर्शकों की भीड़ का प्रबंधन नामुमकिन हो जाएगा। हमने बीसीसीआई को सूचित कर दिया है।' पिछले साल भी रामनवमी को होने वाले मैच केकेआर-राजस्थान का कार्यक्रम बदला गया था। केकेआर और लखनऊ के बीच मैच में अच्छी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद है। वहीं, भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने पहले घोषणा की थी कि रामनवमी पर पश्चिम बंगाल में 20,000 से अधिक जुलूस निकाले जाएंगे, जिसके कारण पूरे राज्य में सुरक्षा की आवश्यकता बढ़ गई है।पिछले सीजन में रामनवमी पर सुरक्षा चिंताओं के कारण केकेआर और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल मैच भी पुनर्निर्धारित किया गया था। 2025 का आईपीएल सीजन 22 मार्च को ईडन गार्डेंस में शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन केकेआर का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच से पहले 35 मिनट का शानदार उद्घाटन समारोह होगा, जिसमें मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और अभिनेत्री दिशा पाटनी परफॉर्म करती दिख सकती हैं। इस कार्यक्रम में आईसीसी के चेयरमैन जय शाह और अन्य गणमान्य लोगों के भी शामिल होने की संभावना है। स्नेहाशीष ने उद्घाटन समारोह के बारे में विस्तृत जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा, 'यह एक बड़ा मैच है, जिसके लिए टिकटों की पूरी मांग है। ईडन गार्डन्स लंबे समय के बाद उद्घाटन समारोह की मेजबानी करने जा रहा है।

## वह बल्लेबाजी विभाग की कप्तानी करें', आईपीएल से पहले एबी डिविलियर्स ने विराट कोहली को दी खास सलाह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** डिविलियर्स ने कहा कि कोहली को आगामी आईपीएल में अपना स्ट्राइक रेट बढ़ने पर ध्यान देने के बजाय स्मार्ट क्रिकेट खेल कर सूत्रधार की भूमिका निभानी चाहिए तथा शीर्ष क्रम में विस्फोटक बल्लेबाज फिल सॉल्ट का साथ मिलने से उन पर दबाव कम होगा। आईपीएल 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं में सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी और बल्लेबाजी क्रम में किसी तरह की गिरावट नहीं आए यह सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी। इस दौरान डिविलियर्स ने कहा कि कोहली को आगामी आईपीएल में अपना स्ट्राइक रेट बढ़ने पर ध्यान देने के बजाय स्मार्ट क्रिकेट खेल कर सूत्रधार की भूमिका निभानी चाहिए तथा शीर्ष क्रम में विस्फोटक बल्लेबाज फिल



बचा है। 22 मार्च से टूर्नामेंट का आगाज कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मुकाबले से होगा। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने खास दोस्त विराट कोहली को खास सलाह दी है। उन्होंने कहा कि स्टार बल्लेबाज को आगामी सत्र में बल्लेबाजी विभाग की कप्तानी करना चाहिए। डिविलियर्स ने मंगलवार को जियोस्टार प्रेस रूम में कहा- विराट को इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी विभाग का कप्तान बनने की जरूरत है। उन्हें वास्तव सॉल्ट का साथ मिलने से उन पर दबाव कम होगा। कोहली आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं लेकिन पिछले दो सत्र से उनका स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय बना हुआ है। बेंगलुरु की फ्रेंचाइजी ने हालांकि आईपीएल के इस सत्र के लिए इंग्लैंड के सॉल्ट और लियाम लिविंगस्टोन, ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड और वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को अपनी टीम में लिया है जिससे डिविलियर्स को लगता है कि कोहली अधिक स्वच्छंद होकर खेल सकते हैं।

## विराट की मांग पर खिलाड़ियों के परिवार की यात्रा से जुड़े नियम में हो सकता है बदलाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से बताया कि खिलाड़ियों के परिवार के साथ यात्रा करने की अवधि के नियम में बोर्ड बदलाव कर सकता है। खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ दौरे पर पर अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था कि जब खिलाड़ी दौरे के दौरान खराब दौर से गुजर रहा होता है तो उस वक्त परिवार के सदस्य की भूमिका अहम हो जाती है। बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से बताया कि खिलाड़ियों के



अधिक समय बिताने के लिए बोर्ड से अनुमति लेनी होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जल्द ही विदेश दौरे पर परिवार के साथ खिलाड़ियों के यात्रा करने के नियम में बदलाव कर सकता है। भारतीय खिलाड़ियों को परिवार के साथ निर्धारित समय से ज्यादा समय गुजारने के लिए बोर्ड से अनुमति लेनी होगी। बता दें कि, हाल ही में पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने विदेशी दौरे के दौरान परिवार की मौजूदगी सीमित करने के नियम परिवार के साथ यात्रा करने की अवधि के नियम में बोर्ड बदलाव कर सकता है। खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ दौरे पर अधिक समय बिताने के लिए बोर्ड से अनुमति लेनी होगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत को मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने नए नीतियां बनाई थी। इसके तहत 45 दिन के दौरे के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य अधिकतम दो सप्ताह तक ही साथ रह सकते हैं। इससे कम अवधि के दौरे पर खिलाड़ी अधिकतम एक सप्ताह तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। बीसीसीआई के इस नियम पर बात करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आरसीबी के कार्यक्रम के दौरान कहा था कि, लोगों को यह समझाना बहुत कठिन है कि जब भी बाहर हो और आपके साथ कुछ अच्छा नहीं हो रहा है तो उस वक्त परिवार का साथ रहना कितना जरूरी है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस बात की समझ है कि यह किस हद तक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा, मैं इस बात से काफी निराश महसूस करता हूं क्योंकि ऐसा लगता है कि ऐसे लोगों का जिनका खिलाड़ियों के साथ क्या हो रहा है उनसे कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें बीच में लाया जाता है और सबसे आगे रखा जाता है। उन्हें इन चीजों से दूर रखा जाना चाहिए। अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछेंगे कि क्या हर समय आप अपने परिवार को आसपास रखना चाहते हैं? आपको जवाब मिलेगा हां, क्योंकि मैं नहीं चाहता कि कमरे में अकेले बैठकर उदास रहूं। मैं सामान्य तरीके से रहना चाहता हूं। तब आप वास्तव में अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं। आप उस जिम्मेदारी को पूरा करते हैं। हाल में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों के परिवार भी दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं ठहरे थे। परिवार का खर्चा बीसीसीआई ने नहीं बल्कि स्वयं खिलाड़ियों ने उठाया था।

## लखनऊ-बेंगलुरु, दिल्ली और पंजाब की निगाहें अपने पहले खिताब पर, क्या कप्तान बदलने से हो पाएंगे कामयाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चारों टीमों ने सिर्फ अपने कप्तान ही नहीं बदले हैं बल्कि टीम और कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा बदलाव किया है। यह देखना होगा



कि इन चारों टीमों का हर क्षेत्र में किया गया बदलाव रंग लाएगा या नहा आईपीएल-18 में खेल रही 10 में से छह टीमें ऐसी हैं, जिन्हें इस ट्रॉफी को जीतने का गौरव हासिल हो चुका है, लेकिन चार टीमें ऐसी हैं, जिन्हें अब तक खिताबी जीत नसीब नहीं हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स ने अब तक आईपीएल नहीं जीता है। ये चारों टीमें इस बार नए भरोसे और नए कप्तान के दम पर पहली खिताबी जीत पर दांव लगाने उतर रही हैं।चारों टीमों ने सिर्फ अपने कप्तान ही नहीं बदले हैं बल्कि टीम और कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा बदलाव किया है। यह देखना होगा कि इन चारों टीमों का हर क्षेत्र में किया गया बदलाव रंग लाएगा या नहीं। इन चार में से तीन टीमें ऐसी हैं जो आईपीएल के फाइनल में पहुंचकर खिताब से दूर रह गईं। इनमें आरसीबी तीन बार और दिल्ली-पंजाब की टीमें एक-एक बार फाइनल में पहुंची है। लखनऊ को फाइनल में भी प्रवेश नसीब नहीं हुआ है।आरसीबी ने रजत पाटीदार के रूप में नया कप्तान चुना। उन्होंने मेंटर के रूप में दिनेश कार्तिक को अपने साथ जोड़ा है, जबकि गेंदबाजी कोच की भूमिका ओमकार साल्वी निभाएंगे। कोचिंग की जिम्मेदारी एंडी फ्लावर के ही जिम्मे हैं। आरसीबी ने इस बार अपने तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड को जोड़ा है। दोनों पर उन्होंने 23.25 करोड़ की राशि खर्च की है। फिर विराट कोहली अपने कॅरिअर के अंतिम दौर में आरसीबी को पहला खिताब दिलाने में इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को टीम का नया कप्तान बनाया है। उन्होंने केएल राहुल की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंत लखनऊ के साथ पहले सत्र में शुरुआत में दबाव में होंगे। उनकी तेज गेंदबाजों की तिकड़ी मयंक यादव, आवेश खान और मोहसिन खान की फिटनेस संदेह के घेरे में है। इसके बाद उनके बेड़े में मुख्य गेंदबाज आकाशदीप, शामार जोसेफ और रवि बिश्नोई ही बचते हैं। हालांकि लखनऊ के पास मेंटर के रूप में दिग्गज जहीर खान हैं। जस्टिन लेंगर हेड कोच की भूमिका में बरकरार रखे गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल के रूप में ऐसे ऑलराउंडर को कप्तानी की जिम्मेदारी दी, जिसकी लोगों को कम उम्मीद थी। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को उन्होंने नया हेड कोच नियुक्त किया है। वहीं, इंग्लैंड के दिग्गज केविन पीटरसन को उन्होंने मेंटर की जिम्मेदारी है। मैथ्यू मॉट्स सहायक कोच होंगे और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच होंगे। यही नहीं अनुभवी फॉफ डुप्लेसिस उनके उपकप्तान होंगे। पंजाब किंग्स ने केकेआर को बीते वर्ष विजेता बनाने वाले श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी है। यही नहीं उन्होंने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करते हुए दिल्ली और मुंबई के पूर्व कोच रिकी पोंटिग को हेड कोच बनाया है। देखना होगा कि श्रेयस और पोंटिंग की जोड़ी पंजाब की किस्मत बदल पाती है या नहीं है। पंजाब ऐसी टीम है, जिसने प्रभसिमरन और शशांक को रिटेन रखते हुए बाकी पूरी टीम बदल डाली। उन्होंने अर्शदीप सिंह को 18 करोड़ में राइट टू मैच कार्ड का उपयोग कर बरकरार रखा।

## क्रिकेटरों के परिवार को साथ रखने के मामले पर आई कपिल देव की प्रतिक्रिया, कहा- संतुलित रवैया जरूरी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार के बाद बीसीसीआई ने निर्देश जारी संतुलित रवैया अपनाया जाना चाहिए। कपिल ने कहा, हमारे समय में बीसीसीआई नहीं बल्कि हम खुद कहते थे कि दौरे के शुरुआती चरण



किया कि 45 से अधिक दिन के दौरे में क्रिकेटर अधिकतम 14 दिन तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। महान क्रिकेटर कपिल देव विदेशी दौरों पर भारतीय क्रिकेटरों के साथ उनका परिवार रखने के पक्ष में है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में में क्रिकेट होना चाहिए। बाद में परिवार के साथ रहने का आनंद लेना चाहिए। इसमें संतुलन होना चाहिए।बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार के बाद बीसीसीआई ने निर्देश जारी किया कि 45 से अधिक दिन के दौरे में क्रिकेटर अधिकतम 14 दिन तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। इससे कम अवधि के दौरे पर एक सप्ताह तक ही अपना परिवार साथ रख सकते हैं। अपनी कप्तानी में 1983 का विश्व कप जिताने वाले कपिल ने कहा, यह क्रिकेट बोर्ड का फैसला है। आपको परिवार की भी जरूरत है, लेकिन आपको हर समय टीम के साथ रहने की भी जरूरत है। कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन गोल्फ टूर्नामेंट के जरिये इस खेल में टी-20 का तड़का लगाएंगे। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) की ओर से इस टूर्नामेंट में मिश्रित प्रारूप की शुरुआत होगी। दो करोड़ रुपये की इनामी राशि के टूर्नामेंट में पहली बार शीर्ष महिला और पुरुष गोल्फर मिलकर खेलेंगे। पीजीटीआई और महिला गोल्फ एसोसिएशन मिलकर इस टूर्नामेंट को 23 से 26 अप्रैल तक प्रेस्टीज गोल्फ शायर बंगलूरू में आयोजित कराएंगे। कपिल ने कहा, यह गोल्फ कुछ ऐसा है जो पहली बार हो रहा है। हम इस खेल में कुछ टी-20 जैसा कम समय में ज्यादा रोमांच लाना चाहते हैं। हमें इस वक्त गोल्फ कोर्स में ज्यादा गोल्फरों और प्रायोजकों की जरूरत है।

## मालदीव से छुट्टियां मनाकर स्वदेश लौटे रोहित, परिवार की फोटो लेने पर हुए नाराज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रोहित आईपीएल 2025 में खेलते नजर आएंगे। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 22 मार्च से होगी जिसमें मुंबई इंडियंस अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ



मुकाबले से करेगी। इससे पहले हिटमैन के टीम से जुड़ने की संभावना है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 से पहले मालदीव से छुट्टियां मनाकर स्वदेश लौट आए हैं। रोहित चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद ब्रेक पर गए थे और परिवार के साथ छुट्टियां मना रहे थे। आईपीएल के आगामी सत्र की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है और रोहित मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा हैं। रोहित आईपीएल शुरू होने से पहले स्वदेश लौटे, लेकिन एयरपोर्ट पर परिवार की फोटो लेने पर भड़क गए। दाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज रोहित आईपीएल 2025 में खेलते नजर आएंगे। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 22 मार्च से होगी जिसमें मुंबई इंडियंस अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इससे पहले हिटमैन के टीम से जुड़ने की संभावना है। रोहित आईपीएल में बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे क्योंकि अब वह टीम के कप्तान नहीं हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें रोहित एयरपोर्ट से बाहर निकल रहे हैं और उस दौरान वहां मौजूद कुछ प्रशंसक और पत्रकार उनकी फोटो ले रहे हैं। रोहित के साथ उस समय उनकी बेटी समायरा मौजूद थीं और रोहित ने पत्रकारों को उनकी फोटो लेने से रोका।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## उसे अभी वनडे विश्व कप जीतना है', रोहित शर्मा के संन्यास के सवाल पर बचपन के कोच ने दिया जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी में तीसरी बार खिताब जीतने से पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या रोहित का यह आखिरी टूर्नामेंट होगा। घरेलू टेस्ट सीरीज में हार, आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार के बाद रोहित के फॉर्म और फिटनेस पर सवाल उठे और उनके वजन को लेकर भी काफी बातें हुईं। पिछले साल भारत को टी20 विश्व कप दिलाने वाले रोहित ने हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत ने एक साल के भीतर अपना दूसरा आईसीसी खिताब हाल ही में जीता था। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ उन्होंने अपने संन्यास की अटकलों को भी खारिज कर दिया। अब इस मुद्दे पर रोहित के बचपन के कोच दिनेश लाड का बयान आया है। उन्होंने कहा कि अभी उसे वनडे विश्व कप जीतना बाकी है।लाड ने कहा- निश्चित तौर पर अभी उसके भीतर काफी क्रिकेट बाकी है। आपने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की उसकी पारी देखी होगी जिसमें उसने पक्के क्रिकेट शॉट खेले और एक भी खराब शॉट नहीं



था। उसने 2023 वनडे विश्व कप से पहले अपने खेल में बदलाव किया और उसका फोकस अच्छी शुरूआत देने पर ही रहा, बड़े शतकों पर नहीं ताकि टीम को फायदा हो। चैंपियंस ट्रॉफी में तीसरी बार खिताब जीतने से पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या रोहित का यह आखिरी टूर्नामेंट होगा। घरेलू टेस्ट सीरीज में हार, आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार के बाद रोहित के फॉर्म और फिटनेस पर सवाल उठे और उनके वजन को लेकर भी काफी बातें हुईं। पिछले साल भारत को टी20 विश्व कप दिलाने वाले रोहित ने हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। फाइनल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह अभी संन्यास लेने नहीं जा रहे लाड ने कहा- जब उसने टी20 विश्व कप जीतने के बाद उस प्रारूप से विदा ली तो मुझे पता था कि उसे दो टूर्नामेंट अभी और जीतनी थी। एक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और दूसरा वनडे विश्व कप। दुर्भाग्य से इस बार हम डब्ल्यूटीसी फाइनल में नहीं पहुंच सके लेकिन अभी वनडे विश्व कप 2027 में होना है और उसका यह सपना पूरा हो सकता है। 2009 से 2011 तक उसका फॉर्म उतना अच्छा नहीं था जिससे उसे 2011 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली। उसके बाद उसने वनडे में तीन दोहरे शतक लगाए। टेस्ट में पदार्पण में शतक लगाया। टी20 में रिकॉर्ड बनाया।लाड इस बात से काफी प्रभावित हुए कि सोशल मीडिया ट्रोलिंग, आलोचना और वजन को लेकर टिप्पणी के बावजूद रोहित अविचलित रहे। उन्होंने कहा- वनडे विश्व कप 2019 में उसके पांच शतक जमाने के बावजूद भारत सेमीफाइनल में हार गया। वह हारने के बाद काफी दुखी था । 2023 में दस मैच जीतने के बावजूद आखिरी बाधा पार नहीं कर पाये और एक बार फिर खिताब से चूक गया। मुझे लगता है कि वह 2027 विश्व कप खेल सकता है। रोहित ने इस पर ध्यान ही नहीं दिया। उसने सुपरस्टार्स से भरी भारतीय टीम की जिस तरह से कप्तानी की, वह काबिले तारीफ है ।

# सम्पादकीय

## अराजकता फैलाने की खुली धमकी, प्रस्तावित कानून के खिलाफ मोर्चा खोलना संविधान पर सीधा हमला

जब नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए आया था तो उसे लेकर जिस झूठ का सबसे अधिक सहारा लिया गया था, वह यह था कि इसके जरिये भारतीय मुसलमानों की नागरिकता छीनने का काम किया जाएगा। इसी तरह तीन कृषि कानूनों के विरोध में यह झूठ जमकर फैलाया गया था कि इनका उद्देश्य किसानों की जमीन छीनकर उन्हें उद्योगपतियों को देना है अब वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर भी यह झूठ फैलाया जा रहा है कि इसके जरिये मुसलमानों की मस्जिदें, दरगाह, कब्रिस्तान छीन लिए जाएंगे। इस झूठ का सहारा रमजान के दिनों में भी लेने में संकोच नहीं किया जा रहा है। इस विधेयक के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड की ओर से आयोजित प्रदर्शन के दौरान इसी झूठ को कई बार दोहराया गया। इस दौरान ऑल इंडिया मुस्लिम सिविल राइट्स के चेयरमैन मोहम्मद अदीब की ओर से यहां तक कहा गया कि जगदंबिका पाल (वक्फ अधिनियम पर विचार करने वाली जेपीसी के अध्यक्ष) को खबर कर दें कि वह यह बिल पास करके दिखाएं, फिर देखना कि हम उनका क्या हश्र करेंगे? उनकी ओर से जदयू, तेलुगु देसम जैसे दलों को भी देख लेने की धमकी दी गई। इसी आयोजन में यह भी कहा गया कि यदि जरूरत पड़ी तो हम दिल्ली और यूपी बार्डर बंद करने के लिए भी तैयार रहेंगे। शाहीन बाग जैसा धरना देने की भी धमकी दी गई। यह ध्यान रहे कि सीएए के खिलाफ धरने के दौरान शाहीन बाग में दिल्ली को यूपी से जोड़ने वाले एक प्रमुख रास्ते पर कब्जा कर लिया गया था। तब विपक्ष के छोटे-बड़े नेता शाहीन बाग पंहुचकर इस अराजक धरने को जायज ठहराते थे। हालांकि इस धरने से त्रस्त लोगों की ओर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया गया, लेकिन उसके ढुलमुल रवैये के चलते धरना जारी रहा और अंततः कई महीनों बाद वह तब खत्म हुआ, जब कोरोना के चलते लाकडाउन लगा और वहां मुट्ठी भर लोग ही बचे कृषि कानून विरोधी आंदोलन के समय भी कथित किसान नेता करीब साल भर दिल्ली की सीमाओं पर राजमार्गों को इसलिए बाधित किए बैठे रहे थे, क्योंकि न तो सरकार ने जबरदस्ती रास्ते रोकने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाई और न ही सुप्रीम कोर्ट ने। तब इसकी भी अनदेखी कर दी गई थी कि ट्रैक्टर परेड निकालकर गणतंत्र दिवस मनाने के बहाने लाल किले पर कैसा उपद्रव किया गया था जहां सीएए और कृषि कानूनों का विरोध उन पर संसद की मुहर लगने के बाद किया गया था, वहीं वक्फ अधिनियम का विरोध उसके संसद में पेश होने के पहले ही किया जा रहा है। एक तरह से संसद को कानून बनाने से ही रोकने की कोशिश की जा रही है और वह भी संविधान की दुहाई देते हुए। कहा जा रहा है कि वक्फ अधिनियम से छेड़छाड़ संविधान से छेड़छाड़ है संविधान को धर्मग्रंथ जैसा भले बताया जाता हो, लेकिन वह धर्मग्रंथ नहीं होता और न होना चाहिए। उसमें संशोधन होते रहते हैं-ठीक वैसे ही जैसे, अतीत में वक्फ अधिनियम में भी होते रहे। वक्फ अधिनियम में संशोधन के विरोध में यह कुतर्क कुछ ज्यादा ही जोरदार ढंग से दिया जा रहा है कि चूंकि उसमें कोई खामी नहीं, इसलिए उसमें किसी तरह के परिवर्तन की जरूरत भी नहीं। यह कुतर्क तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों से हैरान करने वाली उन खबरों के बाद भी किया जा रहा है, जिनके तहत यह उजागर हुआ कि वक्फ बोर्डों ने किस मनमाने तरीके से किसानों, मछुआरों, आम लोगों की जमीनों को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया। तमिलनाडु में तो 1500 साल पुराने यानी इस्लाम के उदय के पहले के एक मंदिर की जमीन को ही वक्फ संपत्ति बता दिया गया। वक्फ बोर्डों के पास रेलवे और सेना के बाद सबसे अधिक जमीन है, लेकिन उसकी हजारों संपत्तियों को लेकर विवाद है। इनमें से अनेक विवाद अदालतों में विचाराधीन हैं। इसके बाद भी मौजूदा वक्फ अधिनियम को सही ठहराया जा रहा है। यदि इस वक्फ अधिनियम में कहीं कोई विसंगति नहीं और वक्फ बोर्ड सचमुच नीर-क्षीर तरीके से संचालित हो रहे हैं तो फिर क्यों न अन्य समुदायों के लिए भी ऐसे ही बोर्ड बना दिए जाएं शायद हिंदू समाज को ऐसे किसी बोर्ड की आवश्यकता सबसे अधिक है, क्योंकि उसके धार्मिक स्थलों की संपत्तियों पर कब्जा या फिर उनका दुरुपयोग होता रहता है। आखिर यह कहां का न्याय है कि एक समुदाय के धार्मिक स्थलों का नियमन-संचालन तो सरकारें करें, लेकिन अन्य समुदाय के धार्मिक स्थलों का संचालन उसके लोग खुद करें? क्या अंग्रेजों की तरह आज के शासक भी यह मानते हैं कि हिंदुओं को अपने धार्मिक स्थलों के संचालन का शऊर नहीं।निःसंदेह ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और उनके साथ खड़े विपक्षी दलों को वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध का अधिकार है। यह विरोध संसद के भीतर और बाहर भी किया जा सकता है और इस अधिनियम को संसद की स्वीकृति मिलने के पहले भी, लेकिन इसकी अनुमति किसी को नहीं दी जानी चाहिए।

## छोड़ दें नियंत्रण, यदि सब कुछ ईश्वरीय इच्छा के अनुसार हो रहा है, तो चिंता क्यों करें



एक व्यक्ति अपने पेशेवर जीवन में सफल होने की सावधानीपूर्वक योजना बनाता है, फिर भी एक अप्रत्याशित वैश्विक संकट उसकी महत्वाकांक्षाओं को चकनाचूर कर देता है। कोई व्यक्ति एक बेहतरीन रिश्ता बनाने के सभी प्रयास करता है, लेकिन रातों-रात उसे बिखरता हुआ देखता है।यह दुनिया हमें स्थिर रहना सिखाती है। टिके रहना सिखाती है। अपनी योजनाओं पर टिके रहो। अपने सपनों पर अड़े रहो। अपनी इच्छाओं में लीन रहो। अपने नियंत्रण की भावना पर अडिग रहो। बचपन से ही हमें बताया जाता है कि सफलता प्रयास, रणनीति और जीवन को सही दिशा में ले जाने की क्षमता से मिलती है। लेकिन, हम वास्तव में कितना नियंत्रण करते हैं एक व्यक्ति अपने पेशेवर जीवन में सफल होने की सावधानीपूर्वक योजना बनाता है, फिर भी एक अप्रत्याशित वैश्विक संकट उसकी महत्वाकांक्षाओं को चकनाचूर कर देता है। कोई व्यक्ति एक बेहतरीन रिश्ता बनाने के सभी प्रयास करता है, लेकिन रातों-रात उसे बिखरता हुआ देखता है। एक स्वास्थ्य-जागरूक व्यक्ति एक दिन जीवन बदलने वाली बीमारी से अचानक ग्रस्त हो जाता है। ऐसे में नियंत्रण का भ्रम टूट जाता है, और भय, हताशा और लाचारी रह जाती है। लेकिन, क्या नियंत्रण कभी वास्तव में हमारे हाथ में होता है? या यह सिर्फ एक कहानी है जो हम स्वयं को सुनाते हैं?मनोवैज्ञानिक इसे 'नियंत्रण का भ्रम' कहते हैं। यह एक संज्ञानात्मक पूर्वाग्रह है जहां लोग घटनाओं को प्रभावित करने की अपनी क्षमता को ज़्यादा आंकते हैं। लैंगर (1975) द्वारा किए गए शोध में पाया गया कि लोगों का मानना है कि वे परिणामों को नियंत्रित कर सकते हैं, भले ही परिणाम पूरी तरह से यादृच्छिक हों। यह भ्रम सुरक्षा का झूठा एहसास देता है। कल्पना कीजिए कि सांप-सीढ़ी का खेल खेलते समय एक बच्चा पासा फेंकता है, यह मानते हुए कि इससे परिणाम प्रभावित हो सकता है- वह जीत सकता है या हार भी सकता है। एक शेयर व्यापारी मानता है कि उसकी भविष्यवाणियां हमेशा सच होंगी- जबकि यह सत्य नहीं है। एक व्यक्ति एक विषाक्त रिश्ते में अपनी ऊर्जा व्यय करता रहता है, यह मानते हुए कि वह अपने साथी को बेहतर बना सकता है। मन लगातार नियंत्रण चाहता है, तब भी जब वास्तविकता उसकी समझ से परे हो लेकिन, नियंत्रण थका देने वाला होता है। यह चिंता को बढ़ाता है। जब चीजें हमारे हिसाब से नहीं होती हैं, तो हम पीड़ित होते हैं। जितना अधिक हम अनिश्चितता का विरोध करते हैं, उतना ही अधिक हम संघर्ष करते हैं। प्राचीन ज्ञान बताता है कि नियंत्रण समर्पण- 'शरणागति' सिखाता है।ठसर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः? अर्थात, श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि सभी कर्तव्यों का परित्याग कर दो और केवल मेरी शरण में आओ। मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूंगा; शोक मत करो। यह निष्क्रिय त्याग के बारे में नहीं है। यह व्यक्तिगत नियंत्रण से परे एक गहन व्यवस्था को पहचानने के बारे में है। एक ऐसा ज्ञान जो मानवीय गणनाओं से परे कार्य करता है। अरुणाचल के रमण महर्षि अक्सर पूछते थे- 'यदि सब कुछ ईश्वरीय इच्छा के अनुसार हो रहा है, तो चिंता क्यों करें?' हम कर्म करते हैं, लेकिन हम परिणामों को निर्धारित नहीं करते हैं। वर्षा होती है, लेकिन हम उसे आदेश नहीं देते हैं। हृदय धड़कता है, लेकिन हम उसे नियंत्रित नहीं करते हैं। जब हम इसे समझ लेते हैं, तो समर्पण अब कमजोरी नहीं रह जाता है। यह स्वतंत्रता है।प्रतिरोध के बिना वास्तविकता की पूर्ण स्वीकृति सिखाती है। इस अवधारणा की अगुआई करने वाली डॉ. मार्शा लाइनहन बताती हैं- ठमौलिक स्वीकृति वास्तविकता से लड़ने से दूर रहना है। यह मात्र स्वीकृति नहीं है, बल्कि यह पहचानना है कि जो है उससे लड़ने से केवल दुख ही मिलता है।ठ शोध से पता चलता है कि जो इसका अभ्यास करते हैं, वे कम तनाव, बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और अधिक अनुकुलनशीलता का अनुभव करते हैं।इसी प्रकार, ऑरजेक एटअल. (2009) द्वारा किए गए एक अध्ययन में, उन्होंने वास्तविकता का विरोध करने के बजाय उसे स्वीकार किया, उनमें भावनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य दिखा। अर्थात, समर्पण का मतलब हार मान लेना नहीं है। इसका मतलब है बिना लगाव के काम करना। एक डॉक्टर एक मरीज का इलाज करता है, लेकिन जीवन की 'गारंटी' नहीं दे सकता। एक शिक्षक ज्ञान तो देता है, लेकिन सफलता सुनिश्चित नहीं कर सकता। एक पर्वतारोही पूरी मेहनत से चढ़ता है, लेकिन पहाड़ के अंतिम निर्णय को स्वीकार करता है। एक नदी कभी प्रतिरोध नहीं करती। वह बहती है। गंगा गंगोत्री से निकलती है, मैदानों से होकर गुजरती है, दूसरी नदियों में मिल जाती है और अंत में समुद्र में विलीन हो जाती है। यह अपने मार्ग पर प्रश्न नहीं उठाती। यह बाधाओं का विरोध नहीं करती। यदि कोई चट्टान इसका रास्ता रोकती है, तो यह उसके चारों ओर बहती है। यदि यह सूखे का सामना करती है, तो यह धीरे-धीरे आगे बढ़ती है। यदि यह बाढ़ आती है, तो यह फैलती है। जीवन ऐसा ही है। हम बचपन, वयस्कता, सफलता, असफलता, खुशी और दुःख से गुजरते हैं। समस्या यह है कि हम यात्रा का केवल एक हिस्सा चाहते हैं। हम सफलता चाहते हैं, असफलता नहीं। प्रेम चाहते हैं, दिल टूटना नहीं। स्वास्थ्य चाहते हैं, बीमारी नहीं। हम चाहते हैं कि जीवन की नदी स्थिर रहे। लेकिन नदियाँ रुकती नहीं हैं। जीवन रुकता नहीं है। समर्पण जीवन के साथ बहना है, इसके खिलाफ नहीं। तो आकांक्षाओं को जब हम जाने देते हैं तो क्या होता है? एक विरोधाभास उभरता है। जिस क्षण हम जबरदस्ती करना बंद कर देते हैं, जीवन बेहतर तरीके से चलने लगता है। ऐसे में दूसरों को प्रभावित करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करने वाला व्यक्ति तब असली आत्मविश्वास प्राप्त करता है जब वह दिखावा करना बंद कर देता है। पूर्णता के लिए संघर्ष करने वाला गायक का सबसे अच्छा प्रदर्शन तब होता है जब वह जाने देता है। सत्य की खोज करने वाला आध्यात्मिक साधक तब यह महसूस करता है कि सत्य स्वयं को प्रयास में नहीं, बल्कि शांति में प्रकट करता है। अर्थात, जब पांचों इन्द्रियां मन के साथ विश्राम करती हैं, और बुद्धि अपनी गति बंद कर देती है - तब सर्वोच्च अवस्था प्राप्त होती है। तब प्राप्त होती है शांति। समर्पण-स्वतंत्रता। हाल ही में, हमने होली मनाई। होलिका को लगता था कि वह भाग्य को नियंत्रित करती है। उसे विश्वास था कि उसकी शक्तियां उसे आग से बचाएंगी। लेकिन, अहंकार जलता है। वह नष्ट हो गई, जबकि प्रह्लाद, जिसने ईश्वर के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, वह सुरक्षित निकल आया। जीवन भी ऐसा ही करता है। जितना अधिक हम समझते हैं, उतना ही हम जलते हैं। जितना अधिक हम भरोसा करते हैं, उतना ही हम हल्के होते जाते हैं। समर्पण निष्क्रिय नहीं है। यह वास्तविकता की सक्रिय स्वीकृति है। हम प्रवाह से अलग नहीं हैं। हम प्रवाह हैं। एक पक्षी आकाश को 'पकड़' नहीं सकता। वह बस अपने पंख फैलाता है।

## नर और नारी, दोनों के जीवन के उद्देश्य एक हैं; सूत्र है पूर्णता का आभास करना



नारी केवल नर को रिझाने अथवा उसे प्रेरणा देने के लिए नहीं बनी है, बल्कि जीवन यज्ञ में उसका भी अपना हिस्सा है और वह हिस्सा घर तक ही सीमित नहीं, बल्कि बाहर भी है। अर्धनारीश्वर शंकर और पार्वती का कल्पित रूप है, जिसका आधा अंग पुरुष का और आधा अंग नारी का होता है। स्पष्ट ही, यह कल्पना शिव और शक्ति के बीच पूर्ण समन्वय दिखाने को निकाली गई होगी, किंतु इसकी सारी व्याप्तियां वहीं तक नहीं रुकतीं। अर्धनारीश्वर की कल्पना में कुछ इस बात का भी संकेत है कि नर-नारी पूर्ण रूप से समान हैं एवं उनमें से एक के गुण दूसरे के दोष नहीं हो सकते। अर्थात नरों में नारियों के गुण आएं, तो इससे उनकी मर्यादा हीन नहीं होती, बल्कि उनकी पूर्णता में वृद्धि होती ही होती है। किंतु पुरुष और स्त्री में अर्धनारीश्वर का यह रूप आज कहीं भी देखने में नहीं आता।संसार में सर्वत्र पुरुष पुरुष है और स्त्री स्त्री। नारी समझती है कि पुरुष के गुण सीखने से उसके नारीत्व में बट्टा लगेगा। इसी प्रकार पुरुष भी स्त्रियोचित गुणों को अपनाकर समाज में स्त्रैण कहलाने से घबराता है। स्त्री और पुरुष के गुणों के बीच एक प्रकार का विभाजन हो गया है तथा विभाजन की रेखा को लांघने में नर और नारी, दोनों को भय लगता है। किंतु लगता है कि गुणों का बंटवारा करते समय पुरुष ने नारी से उसकी राय नहीं पूछी, अपने मन से उसने जहां चाहा, नारी को बिठा दिया। स्वयं तो वह वृक्ष बन बैठा और नारी को लता बना दिया। स्वयं तो वह वृंत बन गया और नारी को उसने कली मान लिया। यदि आदिमानव और आदिमानवी आज मौजूद होते, तो ऐसी कल्पना से सबसे अधिक आश्चर्य उन्हें ही होता। हम तो साथ-साथ जन्मे थे तथा धूप और चांदनी में, वर्षा और आतप में साथ ही घूमते भी थे; बल्कि आहार-संचय को भी हम साथ ही निकलते थे और अगर कोई जानवर हम पर टूट पड़ता, तो हम एक साथ उसका सामना भी करते थे। नारी की पराधीनता तब आरंभ हुई, जब मानव जाति ने कृषि का आविष्कार किया, जिसके चलते नारी घर में और पुरुष बाहर रहने लगा। यहां से जिंदगी दो टुकड़ों में बंट गई। नर और मादा पशुओं में भी थे और पक्षियों में भी। किंतु पशुओं और पक्षियों ने अपनी मादाओं पर आर्थिक परवशता नहीं लादी। लेकिन मनुष्य की मादा पर यह पराधीनता आप से आप लद गई। और इस पराधीनता ने नर-नारी से वह सहज दृष्टि भी छीन ली, जिससे नर पक्षी अपनी मादा को या मादा अपने नर को देखती है। नारी और नर एक ही द्रव्य की ढली दो प्रतिमाएं हैं। आरंभ में दोनों बहुत कुछ समान थे। आज भी प्रत्येक नारी में कहीं न कहीं कोई एक प्रच्छन्न नर और प्रत्येक नर में कहीं न कहीं एक क्षीण नारी छिपी हुई है। किंतु सदियों से नारी अपने भीतर के नर को और नर अपने भीतर की नारी को बेतरह दबाता आ रहा है। परिणाम यह है कि आज सारा जमाना ही मर्दाना मर्द और औरताना औरत का हो उठा है। नर-नारी के प्रचलित संबंधों का मनोवैज्ञानिक प्रभाव संसार के इतिहास पर पड़ रहा है और जब तक यह संबंध नहीं सुधरते, शांति के मार्ग की सारी बाधाएं दूर नहीं होंगी। नारी केवल नर को रिझाने अथवा उसे प्रेरणा देने के लिए नहीं बनी है, बल्कि जीवन यज्ञ में उसका भी अपना हिस्सा है और वह हिस्सा घर तक ही सीमित नहीं, बाहर भी है। जिसे भी पुरुष अपना कर्मक्षेत्र मानता है, वह नारी का भी कर्मक्षेत्र है। नर और नारी, दोनों के जीवनोद्देश्य एक हैं।


## स्वच्छता अभियान में हो सभी की भागीदारी, सफाई को भी स्कूली काम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए




गत दिवस राज्यसभा में यह जानकारी दी गई कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत दशकों पुराने करीब 2,424 कूड़ा स्थलों में से 701 का कूड़ा हटाया जा चुका है, जबकि 1,179 कूड़े के टीलों को समतल करने का काम अभी प्रगति पर है। इससे यह पता चलता है कि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए अभी कितना काम किया जाना बाकी है। स्वच्छता को कोई प्रक्रिया या परिणाम न कहकर संस्कार की संज्ञा देना उचित होगा। इसका ज्ञान मुझे अपने श्वसुर जी से मिला था। उन्होंने मुझे सिखाया था कि गंदा करना हमारा अधिकार है और साफ करना किसी और की जिम्मेदारी, जब तक यह मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक हमारा देश-समाज तरक्की नहीं कर पाएगा। स्वच्छता के संस्कार से मेरा अगला साक्षात्कार मेरी विदेश में नियुक्ति के दौरान हुआ, जहां मैंने पाया कि सार्वजनिक स्थलों और यहां तक कि धनी एवं शक्तिशाली लोगों के यहां साफ-सफाई का जिम्मा किसी एक विशेष सामाजिक वर्ग का नहीं था। कई देशों में तो स्कूल और अभिभावक ही बच्चों को यह शिक्षा देते हैं कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना उनकी जिम्मेदारी है। मलेशिया में 1990 से 1993 के बीच नियुक्ति के दौरान मैं भारतीय मूल के एक वकील के संपर्क में आया। वह कुष्ठ निवारण अभियान के साथ भी तन्मयता से जुड़े हुए थे। उन्होंने मुझे एक रोचक वाकया सुनाया। वकालत से पूर्व वह मलेशिया के एक प्रतिष्ठित स्कूल में अध्यापक थे। उस स्कूल में कुलीन परिवारों, जिनमें शाही परिवारों के बच्चे भी शामिल थे, पढ़ते थे। स्कूल में एक व्यवस्था बनी हुई थी कि छात्रों का समूह शौचालयों की भी सफाई करेगा। शिक्षकों का समूह इस गतिविधि की निगरानी करता था, जो खुद बारी-बारी से साफ-सफाई का काम करते थे। ऐसी ही एक स्वच्छता गतिविधि के दौरान उन्होंने देखा कि शाही परिवार से जुड़ा एक बच्चा शौचालय की सफाई नहीं कर रहा था, जबकि उसके समूह के अन्य छात्र स्वच्छता कार्य में जुटे थे। पड़ताल करने पर पता चला कि वह दूसरे छात्रों को पैसे देकर अपने हिस्से की सफाई से बच निकलता था। मेरे मित्र ने उस छात्र को तलब किया। उन्होंने छात्रों को निर्देश दिया कि इस बार समूह का कोई अन्य छात्र सफाई नहीं करेगा और पूरे शौचालय उसी को साफ करने पड़ेंगे, जो अब तक इससे बचता आया था। चूंकि उस बच्चे के पिता एक देश के सुल्तान थे, जिनकी अनुशासनप्रियता प्रसिद्ध थी, इसलिए स्वाभाविक था कि उसने यह सुनिश्चित करना ही बेहतर समझा कि यह किस्सा उसके पिता तक न पहुंचे। इस प्रकार उसने सफाई के निर्देश का पालन किया। इससे मुझे यही सीख मिली कि विश्व के प्रतिष्ठित स्कूलों में संपन्न लोगों के बच्चों से भी शौचालय साफ कराए जाते हैं और उन्हें सिखाया जाता है कि कोई भी काम गंदा या निचले स्तर का नहीं होता। यह भारतीय समाज से बहुत अलग रवैया था। आप मानें या न मानें, लेकिन भारत में इससे जुड़े रवैये की जड़ें कहीं न कहीं हमारी जाति व्यवस्था से जुड़ी हैं। अच्छी बात है कि स्वतंत्रता के बाद जाति से जुड़े अस्पृश्यता के पहलू को आपराधिक कानून बना दिया गया, लेकिन व्यवहार में वह रवैया किसी न किसी रूप में कायम रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस स्थापित धारणा को अपने क्रियाकलापों से चुनौती देने की दिशा में कदम बढ़ाए, जब उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को आरंभ किया। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण से भी यह परिवर्तन आवश्यक है। देश वास्तव में तभी स्वच्छ हो सकता है, जब प्रत्येक व्यक्ति यह समझे कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना उसका भी दायित्व है, जो किसी वर्ग विशेष या समुदाय की बंधी हुई जिम्मेदारी नहीं। यह दारोमदार केवल घरों को साफ रखने तक ही सीमित नहीं होगा, बल्कि इसमें व्यापक पर्यावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निहित होगी। ऐसी अनुभूति आरंभ से ही जगाई जा सकती है जिसके लिए स्कूलों से शुरुआत करना श्रेयस्कर होगा। जापानी स्कूलों में बच्चे अपने क्लास रूम, स्कूल और यहां तक कि शौचालय भी साफ करते हैं। सिंगापुर में स्कूलों की साफ-सफाई छात्रों के जिम्मे है।

## गोरखपुर में बेटे ने की मां की हत्या, चेहरे और गर्दन के पास चोट के निशान; घर में ताला लगाकर भागा आरोपी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर के शाहपुर इलाके में आवास विकास कालोनी



में एक युवक ने मां की हत्या कर दी। सोमवार की रात शराबी बेटे ने मां की हत्या करने के बाद मकान में ताला लगाया और फरार हो गया। मंगलवार की रात पड़ोसी की सूचना पर शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 60 वर्षीय महिला के चेहरे और गर्दन के पास चोट के निशान मिले हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## डेयरी संचालक ने पेट्रोल छिड़कर कर खुद को आग लगाई- घर के पारिवारिक कलह की बात सामने आई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** बड़गो रानीबाग न्यू कॉलोनी निवासी वीरेंद्र कुमार यादव ने मंगलवार की रात में खुदकुशी का प्रयास किया। वह घर पर डेयरी पारिवारिक कलह बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची रामगढ़ताल थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, बड़गो रानीबाग न्यू कॉलोनी निवासी वीरेंद्र की जांच में पता चला है कि वीरेंद्र यादव के घर पिछले तीन-चार दिन से पारिवारिक कलह चल रही थी। इसमें किसी बात को लेकर वह ज्यादा परेशान थे। मंगलवार को



चलाते हैं, उनकी रुस्तमपुर में दूध-दही की एक दुकान भी है। शाम को दूध बांट कर घर लौटे। शाम करीब आठ बजे घर के पास खाली प्लॉट में खुद पर पेट्रोल गिराकर आग लगा ली। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के बड़गो रानीबाग न्यू कॉलोनी के रहने वाले डेयरी संचालक वीरेंद्र यादव (45) ने मंगलवार की रात करीब आठ बजे खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। गंभीर हाल में उसे पुलिस व परिजनों ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। घटना की वजह कुमार यादव ने मंगलवार की रात में खुदकुशी का प्रयास किया। वह घर पर डेयरी चलाते हैं, उनकी रुस्तमपुर में दूध-दही की एक दुकान भी है। शाम को दूध बांट कर घर लौटे। शाम करीब आठ बजे घर के पास खाली प्लॉट में खुद पर पेट्रोल गिराकर आग लगा ली। स्थानीय लोगों ने किसी तरह से आग बुझाकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से वीरेंद्र यादव को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। पुलिस दूध बांटकर लौटे तो उन्होंने घर के पास आत्मदाह का प्रयास किया। वीरेंद्र के पांच बच्चे हैं, तीन बेटियां और दो बेटे हैं। सबसे छोटी बेटी ग्रेजुएशन कर रही है। बताया जा रहा है कि बच्चों को लेकर ही परिवार में किसी बात पर कलह चल रही है। डेयरी संचालक ने मंगलवार की रात में किसी बात को लेकर खुद को आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। आग बुझाने के बाद उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## राज्यपाल की अपील- आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना होगा पानी टैबलेट पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** राज्यपाल ने कहा कि मैंने देखा कि अधिकतर तालाब सूखे पड़े हैं। यह आने वाले दिनों के लिए में करेंगे।इन सभी छात्राओं को महाविद्यालय के प्रबंधक व राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ. शक्ति प्रकाश पाठक, प्राचार्य डॉ. सूख गए हैं। बिना इसके विकसित भारत होना संभव नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि गुजरात से मैंने स्वास्थ्य व स्वच्छता का पाठ




खतरनाक संकेत है। अपील की कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाना होगा। जो नदियां अस्तित्व में नहीं हैं उनको जीवित करने के लिए सरकार की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आई राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वागीश्वरी रामबासी पीजी कॉलेज गुरवलिया की छात्राओं को टैबलेट दिया। राज्यपाल के हाथों टैबलेट पाकर उनके चेयरे खिल गए।डिजिशक्ति योजना के तहत राज्यापाल के हाथो टैबलेट पाए अर्चना पांडेय, रंजना यादव, वर्षा, तमन्ना खातून, दीक्षा कुमारी, रेनु चौरसिया, आराधना राय, गुडिया कुशवाहा, निगम कुशवाहा, ममता कुशवाहा ने कहा कि मिले इस टैबलेट का प्रयोग पढ़ाई प्रमोद कुमार तिवारी, मैनेजर प्रसाद, अरुण तिवारी, प्रदीप श्रीवास्त, नीलम तिवारी, वीर बहादुर तिवारी, अभिषेक तिवारी, आशीष कुमार, अरविंद प्रसाद, प्रदीप गोंड, अल्का सिंह, सितेस कुशवाहा, राजू पांडेय, अनुज विश्वकर्मा, सूर्यभान गुप्ता, शुभम मिश्रा आदि ने बधाई दी। पानी का महत्व बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि मैंने देखा कि अधिकतर तालाब सूखे पड़े हैं। यह आने वाले दिनों के लिए खतरनाक संकेत है। अपील की कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाना होगा। जो नदियां अस्तित्व में नहीं हैं उनको जीवित करने के लिए सरकार की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। सरकार के साथ-साथ समाज के लोग भी लगे हैं। गांवों और शहरों में बने तालाब पानी के अभाव में सीखा। मुसहर समाज के लिए किसी ने कुछ भी नहीं किया था। केंद्र व प्रदेश की सरकारें इनके काम कर रही हैं। अभी मैंने वाराणसी में कहा कि मुसहर समाज के लिए अलग से स्कूल बने और उसमें हॉस्टल भी हो ताकि इनके भी बच्चे किसी से कम न रहे और शिक्षा ग्रहण करें इसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार प्रयास कर रही हैं। मुसहरों को दिए गए पट्टे का जिक्र करते हुए जिला प्रशासन से कहा कि पट्टा देने के बाद इनको आवास दिलाएं और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को दिलाएं। ताकि सरकार का सपना सकार हो सके। ओडीओपी से बनने वाले उपकरणों पर चर्चा करते हुए समूह की महिलाओं की सराहना की।

## पास होगा दिल्ली नगर निगम का बजट, सदन में हंगामा होने के आसार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अइस दौरान विभिन्न मदों में राशि बढ़ाने के साथ-साथ



कम भी की जा सकती हैं। आप के वरिष्ठ पार्षद एवं नेता सदन मुकेश गोयल की ओर से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करने की संभावना हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का बजट बुधवार को सदन में पास होगा। इस दौरान विभिन्न मदों में राशि बढ़ाने के साथ-साथ कम भी की जा सकती हैं। आप के वरिष्ठ पार्षद एवं नेता सदन मुकेश गोयल की ओर से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं करने की संभावना हैं।इनमें 12 हजार अस्थायी कर्मचारियों को पक्का, 100 गज या इससे छोटे मकानों पर हाउस टैक्स पूरी तरह से माफ करने, 100 से 500 गज के मकानों पर समय से टैक्स जमा करने पर 50 प्रतिशत छूट देने, 1300 रिहायशी सोसायटियों को भी 25 प्रतिशत हाउस टैक्स में छूट देने की घोषणा की जा सकती है। पिछले माह आप पार्षदों ने सदन में इन प्रस्तावों को पास किया था, लेकिन एमसीडी अधिकारियों ने इसे मानने से इंकार कर दिया था। इस संबंध में मुकेश गोयल का कहना है कि बजट में की गई घोषणाओं को लागू करना अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है ।

## यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू, एक दिन में 10वीं की 50 और 12वीं की 45 कॉपियों का होगा मूल्यांकन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है। इसके



लिए डीआईओएस कार्यालय को कंट्रोल रूम बनाया गया है। पीएमश्री फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज समेत चार केंद्रों पर बुधवार से बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है। परीक्षकों के मूल्यांकन कक्ष में मोबाइल फोन ले जाने पर रोक लगाई गई है।जीआईसी और टॉमसन इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा है। वहीं, जीजीआईसी व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को हाईस्कूल की एक दिन में 50 और इंटरमीडिएट की 45 कॉपी का मूल्यांकन करना है। वहीं, कला विषय में परीक्षक 80 कॉपियों का मूल्यांकन करने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के चारों केंद्रों पर 19 मार्च से दो अप्रैल तक कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा प्रभारी दिवाकर मिश्र ने बताया कि डीआईओएस कार्यालय में प्रत्येक दिन मूल्यांकन की रिपोर्टिंग की जाएगी। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा की तरह ही डीआईओएस के कंट्रोल रूम को मूल्यांकन केंद्रों से जोड़ा गया है। डीआईओएस डॉ. रामचंद्र के निर्देश पर मूल्यांकन केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है अलीगढ़ः यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार को शुरू हो गया है। जिले के चार केंदों पर मूल्यांकन हो रहा है। मूल्यांकन के लिए नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज, एसएमबी इंटर कॉलेज, श्री महेश्वर इंटर कॉलेज और एसएमबी इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। शिक्षक संघ के आवाहन पर शिक्षक वहां पर काली पट्टी बांधकर मूल्यांकन कार्य कर रहे हैं। डीआईओएस सर्वदानंद ने बताया कि मूल्यांकन के लिए दूसरे जिले से और कॉपियां आ रही हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल आएंगे गोंडा, सारी तैयारियां पूरी, स्टार्टअप प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गोंडा आएंगे। सीएम योगी के दौरे से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री योगी ऋण दिया जाएगा।इस योजना के तहत लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का चार साल के लिए ब्याज मुक्त लोन व एकमुश्त 10 प्रतिशत अनुदान के साथ ही नए उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गोंडा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री दोपहर 12:10 बजे बहराइच के मिहीपुरवा से गोंडा रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचेंगे। इसके बाद सीधे गोंडा मेडिकल कॉलेज में मुख्यमंत्री युवा योजना एवं युवा उद्यमियों के लिए स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।इसके बाद मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत देवीपाटन मंडल के गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर के कुल 1,282 लाभार्थियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये का इसके बाद सर्किट हाउस में 25 मिनट रुकने के बाद दो बजे जिला पंचायत सभागार में करीब एक घंटे देवीपाटन मंडल के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर के जनप्रतिनिधि वर्जुअल माध्यम से सीएम की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करेंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर हेलीपैड व जिला पंचायत सभागार और मेडिकल कॉलेज में भव्य तैयारी की गई है।

## दरोगा के हाथ-पैर तुड़वाकर गड्ढे में फिंकवाया तब यहां पहुंचा मंत्री संजय निषाद का विवादित बयान वायरल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



हो रहा है जिसमें वह विवादित बयान देते हुए सुने जा रहे हैं। यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी के मुखिया डॉ. संजय निषाद के एक विवादित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें संजय निषाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कह रहे हैं ''हम यहां ऐसे नहीं पहुंचे हैं, सात दरोगा के हाथ पैर तुड़वाकर उसे गड्ढे में फेंकवा कर तब मैं यहां पहुंचा हूं...।'' अमर उजाला इस बयान की पुष्टि नहीं करता है। बयान पर प्रतिक्रिया लेने के लिए डॉ. संजय निषाद से संपर्क किया गया पर कोई बात नहीं हो सकी।दरअसल, डॉ संजय निषाद मंगलवार को सुल्तानपुर जिले में निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा लेकर पहुंचे थे। इस दौरान जिले के चांदा क्षेत्र के मदारडीह गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। ये वीडियो वहीं का बताया जा रहा है। डॉ. संजय निषाद से बातचीत न होने के कारण अमर उजाला इस बयान की पुष्टि नहीं करता है।इसके पहले उन्होंने औरंगजेब विवाद पर बयान देते हुए कहा था कि हमें किताबों में पढ़ाना चाहिए कि कौन कितना क्रूर था। क्रूरता पर जश्न मनाना और मेला लगाना ये कौन सी बात है। मेले से लोग आदर्श सीखते हैं। आज के समय कोई अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता। संजय निषाद ने कहा कि हमारी सरकार में भारतीय सभ्यता का निर्माण करने वालों की जगह है। नागपुर में हिंसा पर उन्होंने कहा कि औरंगजेब को आदर्श मानने वाले इसके जिम्मेदार हैं, इसका जवाब उन्हें जनता देगी। सपा मुखिया और पार्टी को बताना चाहिए कि वे औरंगजेब को आदर्श मानते हैं या कृष्ण भगवान को। हम लोग तो निषादराज को अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग हैं जो पिछली सरकारों में थे, अब बीजेपी सरकार में आकर मलाई काट रहे हैं।

## मोहिंदर का पहले गला घोंटा, फिर मुंह दबाया हत्यारोपी ने पूरी रात घर में किया ये काम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बदमाश ने बुजुर्ग मोहिंदर का बड़े ही आराम से नेबुलाइजर के पाइप से गला घोंट



दिया। इसके बाद उनके चेहरे पर तकिया रखकर उनका दम भी घोंटा गया। हत्या के समय दलजीत ने हत्यारे से खूब संघर्ष किया था। उनके शरीर पर जद्दोजहद के निशान भी पाए गए हैं। दरअसल बीमार रहने की वजह से मोहिंदर बेहद कमजोर थे जबकि शरीर से दलजीत ठीक-ठाक थीं। ऐसे में अकेले हत्यारे को उन पर काबू पाने में दिक्कत हुई। दलजीत ने अपनी जान बचाने की हर संभव कोशिश भी की, लेकिन बाद में वह हार गईं बदमाश ने बुजुर्ग मोहिंदर का बड़े ही आराम से नेबुलाइजर के पाइप से गला घोंट दिया। इसके बाद उनके चेहरे पर तकिया रखकर उनका दम भी घोंटा गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम उनके घर पहुंची तो देखा कि दोनों के शव सड़ने लगे थे। इस बात से पुलिस आशंका जता रही है कि रविवार को घर आने के कुछ ही देर बाद आरोपी ने उनकी हत्या कर दी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि दंपती नए नौकर का पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं करवा पाए थे। उन्होंने पुराने नौकर पर विश्वास करके इसको काम पर रख लिया था। नौकर रात आठ बजे आता था। पूरी रात दंपती की देखभाल करने के बाद सुबह आठ-नौ बजे चला जाता था। काम पर रखने के चौथे ही दिन उसने वारदात को अंजाम दे दिया। बुजुर्ग मोहिंदर सिंह के एक करीबी ने बताया कि विक्की नामक नौकर काफी समय से उनके पास काम कर रहा था। वह रात के समय दंपती की देखभाल करता था। काम में लापरवाही बरतने की वजह से एक माह पूर्व दंपती ने उसे निकाल दिया था। उसके जाने के बाद दंपती को काफी परेशानी हो रही थी। दंपती ने विक्की को ही काम पर वापस लौटने या किसी दूसरे नौकर को भेजने के लिए कहा था। चार दिन पहले विक्की ने ही आरोपी को भेजा था। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ, एएटीएस समेत जिले की आधा दर्जन टीमें आरोपी की तलाश कर रही है। क्राइम ब्रांच भी अपने स्तर पर जांच कर रही है।जिस सोसायटी में दंपती मोहिंदर और दलजीत रहते थे वह बेहद पॉश एरिया में मौजूद है। सोसायटी में बड़ी-बड़ी कोठियां मौजूद हैं। 24 घंटे यहां गेट पर सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं। ऐसे में किसी के बाहर से आकर वारदात को अंजाम देना बेहद मुश्किल है। चूंकि सुरक्षा गार्ड आरोपी को जानते होंगे, इसलिए उन्होंने आरोपी को बड़े आराम से बैग लेकर जाने दिया। पुलिस पूछताछ कर पता लगा रही है कि सोमवार सुबह कौन-कौन सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी पर तैनात थे।

## खाकी की महिमा अपरंपार आईजी प्रवीण कुमार ने महाकुंभ के पलट प्रवाह में भीड़ प्रबंधन पर लिखी कविता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** अयोध्या के आईजी प्रवीण कुमार ने महाकुंभ के पलट प्रवाह में भीड़ प्रबंधन पर कविता लिखी है। इसे राम मंदिर ट्रस्ट ने जारी किया है। आप भी सुनिए आईजी प्रवीण कुमार 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अयोध्या महत्वपूर्ण भूमिका रही। वह कमिश्नर गौरव दयाल के साथ पूरे एक महीने से अधिक समय तक जब तक प्रयागराज महाकुंभ से रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आते थे, भोर में ही रामनगरी पहुंच जाते थे और देर रात तक अपनी ड्यूटी निभाते थे। आईजी प्रवीण



में प्रयागराज महाकुंभ के पलट प्रवाह के दौरान भीड़ प्रबंधन में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने इस अनुभव को कविता में व्यक्त किया, जो चर्चा का विषय बन गई है। सबसे खास बात यह रही कि राम मंदिर ट्रस्ट ने उनकी इस कविता पर एक वीडियो जारी किया है जो बेहद खास बन गया है। राम मंदिर में 1.26 करोड़ भक्तों के दर्शन के दौरान सुरक्षा और प्रबंधन की मिसाल पेश की गई। इसमें आईजी प्रवीण कुमार की बेहद कुमार ने न सिर्फ अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लिए एक प्रेरणा प्रस्तुत की बल्कि कवि हृदय होने के नाते उन्होंने निचले स्तर तक के पुलिस कर्मियों को भी यह संदेश देने का प्रयास किया कि रामलला के दर्शनार्थ देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं से सदव्यवहार करें, उन्हें किसी तरह की तकलीफ न होने दें, और वह जब रामनगरी से लौटें तो यहां से सुखद यादें स्मृति के तौर पर संजो कर जाएं।

## ट्रेनों को मिलेंगे नए रास्ते, दूरी कम होने के साथ बचेगा समय भी, सर्वे को रेलवे बोर्ड की मंजूरा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** ट्रैक पर ट्रेनों का दबाव कम करने और सफर का आसान



बनाने के लिए ट्रेनों के लिए कुछ नए रूट बनाए जाएंगे। इसके लिए मंजूरी दे दी गई है। ट्रैक पर ट्रेनों का दबाव कम करने और सफर का आसान बनाने के लिए प्रस्तावित ऑर्टिबल कॉरिडोर (रिंग रोड की तरह रेलवे का गोल कॉरिडोर) के सर्वे के लिए रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। दो महीने में सर्वे शुरू हो जाएगा। यह प्रोजेक्ट 2031 तक पूरा किया जाएगा। यह कॉरिडोर करीब 170 किमी लंबा होगा। इसके बन जाने के बाद लखनऊ जोन में ट्रेनों को नये रास्ते मिलेंगे। बहुत से स्टेशनों पर ट्रेनों का दबाव कम होगा। कई रूट पर यात्रा की दूरी कम होगी, समय की बचत होगी।उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि रेलवे ट्रैफिक को सुचारू रुप से चलाने के लिए यह कॉरिडोर काफी महत्वपूर्ण है। सर्वे के बाद योजना की डीपीआर तैयार की जाएगी। इस कॉरिडोर के बनने से ट्रेनों के संचालन में काफी आसानी हो जाएगी। यात्रियों को भी काफी सहूलियत होगी।लखनऊ क्षेत्र में अभी सात मुख्य रेल मार्ग हैं। इनके माध्यम से सभी यात्री ट्रेनें और मालगाड़ियां संचालित होती हैं। ट्रेनों की भारी भीड़ से रेल यातायात बाधित होता है। लखनऊ क्षेत्र उत्तर रेलवे, उत्तर-पूर्व रेलवे और पूर्व-मध्य रेलवे के लिए प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। इससे भी यहां पर रेल यातायात का दबाव काफी बढ़ जाता है। अभी लखनऊ से अयोध्या, वाराणसी, कानपुर, मुरादाबाद, सीतापुर, रायबरेली और सुल्तानपुर की ओर जाने वाले रेल मार्गों पर सबसे ज्यादा ट्रेनों का संचालन होता है। 90 प्रतिशत मालगाड़ियां और 70 से 80 प्रतिशत यात्री गाड़ियां लखनऊ और ऐशबाग स्टेशनों से होकर गुजरती हैं। रेल यातायात पर ज्यादा दबाव होने की वजह से ट्रेनों को आउटर पर रुकना पड़ता है। इससे ट्रेनें लेट होती हैं। कॉरिडोर बनने से ट्रेनों के पास ज्यादा रास्ते होंगे और दबाव कम होगा। कुलदीप तिवारी ने बताया कि सातों मुख्य मार्गों को ऑर्बिटल कॉरिडोर से जोड़ने के साथ ही एक ग्रीन फील्ड मेगा पैसेंजर टर्मिनल भी बनाया जाएगा। इस टर्मिनल पर 30 से ज्यादा रेलवे लाइनें होंगी और 20 से ज्यादा प्लेटफॉर्म होंगे। कॉरिडोर में रेल-ऑन-रेल पुलों का निर्माण भी किया जाएगा। कॉरिडोर को वाई कनेक्शन के जरिए जोड़ा जाएगा। सीनियर डीसीएम ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे के पास एक मेगा रेल लॉजिस्टिक्स पार्क का निर्माण होगा। कॉरिडोर से मालगाड़ियों का भी संचालन सुगम होगा।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुईं ऐश्वर्या राय, पोस्ट शेयर कर लिखा हमेशा प्यार करती रहूंगी डैडी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने अपने दिवंगत पिता कृष्णराज राय को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया है, 'प्यारे डैडी-अज्जा आपको हमेशा दिल से प्यार करती रहूंगी। आपके आशीर्वाद और प्यार के लिए बेहद शुक्रिया, जो हमेशा मुझ पर बना पिता के लिए आपका प्यार और सम्मान बहुत खूबसूरती से झलकता है। उनका आशीर्वाद हमेशा आपके और आपके परिवार के साथ रहे'।





है। पिता के लिए उन्होंने दिल छूने वाली बात लिखी है। अभिनेत्री ऐश्वर्या राय अपने पिता के बेहद करीब रहीं। अभिनेत्री के पिता कृष्णराज राय अब इस दुनिया में नहीं हैं। आठ साल पहले उनका निधन हो गया। पिता की पुण्यतिथि पर ऐश्वर्या ने उनके लिए एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। कृष्णराज राय की तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने दिल को छूने वाली बात लिखी है। अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया रहता है'। साझा की गई तस्वीरों में ऐश्वर्या राय अपने पिता की तस्वीर के आगे सिर झुकाकर उन्हें श्रद्धांजलि देती दिख रही हैं। साथ में बिटिया आराध्या भी नाना को याद कर रही हैं'। ऐश्वर्या अपने पिता की हर पुण्यतिथि और जयंती पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करती हैं। ऐश्वर्या राय के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर उनके पिता को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'ऐश्वर्या, यह वाकई दिल को छू लेने वाला पोस्ट है। आपके एक अन्य यूजर ने लिखा, 'वे हमेशा आपके साथ हैं' ऐश्वर्या राय के पिता कृष्णराज राय साल 2017 में दुनिया को अलविदा कह गए। ऐश्वर्या की निजी जिंदगी की बात करें तो साल 2007 में उनकी शादी अभिषेक बच्चन से हुई। एक्ट्रेस आखिरी बार मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन पार्ट 2' में नजर आईं। इस फिल्म के लिए, उन्होंने दुबई में साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स में बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार भी जीता। यह फिल्म 2023 में रिलीज हुई थी।

## कबड्डी विश्व कप 2025 पर चढ़ा सलमान खान की 'सिकंदर' का खुमार, निर्माताओं ने किया बड़ा एलान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** सलमान खान और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'सिकंदर' ने कबड्डी वर्ल्ड कप के साथ जुड़ाव का ऐलान किया है। सोशल मीडिया पर इसका ऐलान किया गया है।ए.आर. मुरुगादॉस पर भी दिख रहा है। फिल्म के निर्माताओं ने कबड्डी विश्व कप 2025 के साथ अपने जुड़ाव का एलान किया है। यूएसए कबड्डी एसोसिएशन ने सिकंदर के निर्माताओं के साथ मिलकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर एक्शन से भरपूर है। इसमें सलमान खान दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। टीजर को फैंस का अच्छा रिस्पांस मिला था। फिल्म का गाना 'जोहरा जबीन' भी रिलीज हो चुका है। गाने में






के द्वारा निर्देशित और सलमान खान और रश्मिका मंदाना की अदाकारी से सजी साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'सिकंदर' इस साल की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है। इसकी रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म इस ईद पर रिलीज होने वाली है। फिल्म के टीजर ने इसकी एक्शन से भरपूर झलक दिखाई है, वहीं इसके गानों ने दर्शकों को बांधे रखा है। जैसे-जैसे 'सिकंदर' फिल्म का खुमार लोगों पर चढ़ता जा रहा है, वैसे ही फिल्म का प्रभाव कबड्डी टीम इंडिया और टीम यूएसए ,है जिसमें सिकंदर के खुमार में डूबी टीमें दिखाई दे रही हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'कबड्डी वर्ल्ड कप के सिकंदर; भारतीय टीम और टीम यूएसए... पावर्ड बाई सिकंदर। बस मुड़ने की देर है। हम 2025 की सबसे प्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर-सिकंदर के साथ अपने सहयोग का एलान करते हुए बेहद रोमांचित हैं। सलमान खान, साजिद नाडियाडवाला और टीम सिकंदर को उनके समर्थन के लिए हार्दिक आभार।' पोस्ट में सलमान खान, साजिद नाडियाडवाला और मुर्गदास को टैग किया गया है। सिकंदर' रश्मिका और सलमान खान की बेहतरीन कमेस्ट्री दिखाई गई है। गाने के बोल और म्यूजिक दमदार हैं। जैसे-जैसे 'सिकंदर' के रिलीज होने की तारीख पास आती जा रही है, लोगों की उत्सुकसुकता, बढ़ती जा रही है। सलमान खान 'सिकंदर' फिल्म से इस ईद पर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनके साथ रश्मिका मंदाना होंगी। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूज किया है। फिल्म का निर्देशन साजिद नाडियाडवाला ने किया है।

## कीर्ति सुरेश के हाथ लगी नई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म नए अवतार में नजर आएंगी अभिनेत्री

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** कीर्ति सुरेश आखिरी बार वरुण धवन के साथ फिल्म 'बेबी जॉन' में नजर आई थीं। अब खबर है कि वह जल्द ही एक और साथ काम करने के इच्छुक हैं। अगर बातचीत सफल होती है तो फिल्म में एक नए अवतार में नजर आएंगी। अभिनेत्री एक ऐसे किरदार में नजर आएंगी जो मजेदार और




मनोरंजक है निर्माता फिलहाल शीर्षक, कहानी और कलाकारों के नामों को गुप्त रख रहे हैं। कीर्ति के पास दो रोमांचक तमिल प्रोजेक्ट भी हैं- रिवॉल्वर रीटा और कन्निवेदी। बेबी जॉन की बात करें तो यह इंस्पेक्टर सत्या वर्मा (वरुण धवन) की कहानी है, जिसे बेबी जॉन के नाम से जाना जाता है। सत्या अपनी बेटी खुशी (जारा

नई बॉलीवुड फिल्म में काम करेंगी। कीर्ति सुरेश ने वरुण धवन के साथ 'बेबी जॉन' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं, अब अभिनेत्री की नई फिल्म से जुड़ी दिलचस्प जानकारी सामने आ रही है। खबर है कि वह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।। हालांकि कीर्ति की नई फिल्म पर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है, लेकिन रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अभिनेत्री को एक अनटाइटल्ड रोमांटिक-कॉमेडी प्रोजेक्ट के लिए संपर्क किया गया है। फिल्मफेयर के अनुसार, फिल्म के निर्माता कीर्ति सुरेश के ज्याना) और अपने पुराने दोस्त राम सेवक (राजपाल यादव) के साथ केरल में एक शांतिपूर्ण जीवन जीता है। हालांकि, उसकी शांत जिंदगी में तब बदलाव आता है जब खुशी की शिक्षिका, जिसका किरदार वामिका गब्बी ने निभाया है, एक उग्र और निर्दयी इंस्पेक्टर के रूप में उसकी छिपी हुई पहचान को उजागर करती है। यह कहानी दर्शकों को छह साल पहले ले जाती है, बेबी जॉन शादीशुदा था और बाबर शेर (जैकी श्रॉफ) के खिलाफ लड़ रहा था, जो युवा महिलाओं का शोषण करने वाला एक शक्तिशाली व्यक्ति है। कहानी तब शुरू होती है!

## ईद पर रिलीज हुई सलमान की फिल्में ही नहीं उनके गाने भी रहे हिट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस साल 'ईद' रिलीज होने वाली है। इस मौके पर हम अभिनेता के ईद पर रिलीज फिल्मों के हिट गानों के पसंदीदा बना दिया। साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'किक' का गाना 'जुम्मे की रात' जबर्दस्त हिट हुआ। यह एक पार्टी सॉन्ग है। सलमान खान और जैकलीन फर्नांडीज की जोड़ी ने फैंस का



बारे में जान लेते हैं।सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस साल 'ईद' रिलीज हो रही है। फैंस अभिनेता की फिल्म का बड़ी ही बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले फिल्म के कई गाने रिलीज हो चुके हैं। मंगलवार को फिल्म का टाइटल सॉन्ग 'नाचे सिकंदर' रिलीज हुआ। सलमान की फिल्में ही नहीं उनके गाने भी जबर्दस्त हिट हुए हैं। खासकर उन फिल्मों के जो ईद पर रिलीज हुई हैं। आइए आज भाईजान की उन फिल्मों के कुछ हिट गानों पर नजर डालते हैं, जो ईद पर रिलीज हुईं। साल 2012 में सलमान की फिल्म 'एक था टाइगर' ने ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दिया। फिल्म का गाना 'माशाल्ला' हिट हुआ और एक आइकॉनिक सॉन्ग बन गया। गाने के बीट्स और सलमान और कैटरीना की जबरदस्त जोड़ी ने इसे सभी का दिल जीत लिया था। सलमान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' एक दिल को छू लेने वाली कहानी थी। इस फिल्म का पार्टी सॉन्ग 'आज की पार्टी' खूब हिट हुआ। यह गाना आज भी पार्टी प्लेलिस्ट के बेहतरीन गानों में से एक है। गाने के मजेदार बीट्स ने इसे हर खुशी के मौके का परफेक्ट ट्रैक बना दिया। फिल्म 'टाइगर जिंदा है' का गीत 'स्वैग से स्वागत' ने भी रिलीज होने के बाद खूब धूम मचाई थी। इस गाने में दमदार बीट्स, हाई-एनर्जी कोरियोग्राफी और सलमान की आइकॉनिक प्रेजेंस ने इसे फैंस का फेवरेट बना दिया था। हालांकि, 'सिकंदर' अभी सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हुई है,लेकिन उसका गाना 'जोहरा जबीं' भी काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म का टाइटल सॉन्ग ने रिलीज के चंद घंटों में ही करोड़ों व्यूज बटोर लिए हैं।

## कभी भाई तो कभी बेटे से जमीनी विवादों में घिरे अभिनेता, अभिनेत्री सौंदर्या की मौत के बाद लगे आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** अक्सर विवादों में घिरे रहने वाले तेलुगु सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहन बाबू आज अपना आंध्रप्रदेश के चित्तूर जिला स्थित मोदुगुलपालम गांव में हुआ था। इनका बचपन का नाम मांचू भक्तवत्सलम नायडू था। शिक्षा-



73वां जन्मदिन मना रहे हैं। अभी वह 'सूर्यवंशम' फिल्म से जुड़े विवाद की वजह से चर्चा में हैं, इसके साथ ही अभिनेता ने अपने करियर में 500 से अधिक फिल्मों में काम किया है। आइए जानते हैं इनके जीवन से जुड़ी खास बातें।अभिनेता मोहन बाबू साउथ फिल्म इंडस्ट्री का जाना माना नाम है। हाल के दिनों में अभिनेता सूर्यवंशम फिल्म की अभिनेत्री सौंदर्या की मौत के विवादों में भी फंसे हैं। मोहन बाबू सिर्फ अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक कुशल निर्माता और राजनीतिज्ञ भी हैं। अपने अभिनय की जादूगरी से उन्होंने कई हिट फिल्में भी दीं हैं। प्रॉपर्टी विवाद, पत्रकारों पर हमला, आदि विवादों से भी उनका गहरा नाता रहा है। जानिए इनके जीवन से जुड़े कुछ रोचक पहलू। मोहन बाबू का जन्म 19 मार्च 1952 में दीक्षा के बाद मोहन बाबू ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 1975 में 'स्वर्गम नरकम' से की थी, जिसका निर्देशन दासारी नारायण राव ने किया था। इस फिल्म में उन्होंने खलनायक की भूमिका अदा की थी। इसी फिल्म के बाद से अभिनेता का नाम मांचू भक्तवत्सलम नायडू से मोहन बाबू हो गया। सिनेमाई दुनिया में कदम रखने के बाद मोहन बाबू ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अभिनेता ने अपने जीवन में 500 से अधिक फिल्में कीं, जिसमें 'पेद्दारायडू', 'अल्लरी मोगुडू', 'मेजर चंद्रकांत', 'अन्नमय्या' और 'यमदोंगा' जैसी फिल्में शामिल हैं। मोहन बाबू ने बतौर निर्माता लगभग 40 फिल्में बनाई, जिसमे ज्यादातर हिट साबित हुईं हैं। हाल ही में वह अपनी आगामी फिल्म 'कन्नप्पा' बनाने में व्यस्त हैं, जो 100 करोड़ के बजट से ज्यादा की फिल्म है। मोहन बाबू अपने घरेलू जमीनी विवाद को लेकर अक्सर विवादों में बने रहते हैं। साल 2023 में उन्होंने अपने भाई विष्णु मांचू पर उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों को पिटाई करने का आरोप लगाया गया था। यह वीडियो उन्होंने अपन सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसे अब हटा दिया गया है। दिसंबर 2024 में एक और घटना सामने आई कि अभिनेता और उनके बेटे मांचू मनोज में कुछ संपत्ति को लेकर विवाद हुआ, जिसमें पिता-पुत्र का झगड़ा सबके सामने आया। इसी झगड़े के दौरान एक पत्रकार को चोट आई थी, जिस वजह से मामले ने तूल पकड़ लिया था। मोहन बाबू का संपत्ति विवाद बहुत पुराना है। हाल ही में 'सूर्यवंशम' फिल्म की दिवंगत अभिनेत्री सौंदर्या के संबंध में मोहन बाबू पर एक शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें अभिनेता पर अभिनेत्री की जमीन कब्जाने का आरोप लगाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक शिकायत में अभिनेत्री और मोहन बाबू के बीच संपत्ति विवाद चल रहा था। शिकायतकर्ता ने कहा कि मोहन बाबू जलपल्ली स्थित सौंदर्या और उनके भाई की छह एकड़ जमीन खरीदना चाहते थे, लेकिन उन्होंने देने से इनकार कर दिया था। फिर उनकी मौत के बाद मोहन बाबू ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया। हालांकि, इस विवाद पर अभिनेत्री के पति जीएस रघु ने प्रतिक्रिया देते हुए इन आरोपों को झूठा बताया है।

## होंडुरास में दर्दनाक विमान दुर्घटना, मशहूर संगीतकार ऑरेलियो मार्टिनेज समेत 12 लोगों की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** रोआटन द्वीप से ला सेइबा की ओर जा रहा विमान होंडुरास तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें प्रसिद्ध संगीतकार ऑरेलियो मार्टिनेज समेत 12 लोगों की मौत हो गई।रोआटन द्वीप से ला सेइबा की ओर जा रहा विमान होंडुरास तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें प्रसिद्ध संगीतकार ऑरेलियो मार्टिनेज समेत 12 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 17 यात्री सवार थे, जिसमें पांच लोगों को बचा लिया गया है। जानिए पूरी खबर। बीते सोमवार को रोआटन द्वीप से ला सेइबा की ओर उड़ान भरते समय ही लांह्सा एयरलाइंस का विमान क्षतिग्रस्त हो गया था। स्थानीय पुलिस ने बताया कि विमान सही से उड़ान भर नहीं पाया था, उसी दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर समुद्र में जा गिरा। स्थानीय मछुआरे ने लोगों को बचाने का प्रयास किया, जिसमें कुछ लोगों की जान बचाई गई। इस घटना



पर होंडुरन सिविल एरोनॉटिक्स एजेंसी ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस विमान दुर्घटना में ऑरेलियो मार्टिनेज सुआजो की भी मृत्यु हो गई, जो गरीफुना संगीत में अपने योगदान के लिए जाने जाते थे। इसके साथ ही वह राजनीति में भी काफी सक्रिय रहे। प्लेन क्रैश में संगीतकार समेत 12 लोगों का मृत्यु हो गई। उनकी मौत पर उनके भतीजे ने कहा कि मार्टिनेज होंडुरास से गरीफुना संगीत के एक प्रसिद्ध मॉडल थे। सुला घाटी के अफ्रीकी वंशज के अध्यक्ष हम्बर्टो कैस्टिलो ने उन्हें 'गरीफुना संस्कृति का राजदूत' कहा। ऑरेलियो मार्टिनेज का जन्म 1969 में होंडुरास के प्लाप्लाया में हुआ था। वह मध्य अमेरिका के एक अफ्रीकी-स्वदेशी समूह गरीफुना से जुड़े और काफी नाम कमाया। साल 1990 में उन्होंने संगीत की दुनिया में कदम रखा और लॉस गैटोस ब्रावोस नामक बैंड के मुख्य गायक बन गए। उनके पहले एल्बम 'गरीफुना सोल' ने उन्हें अंतराष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाई। संगीत के अलावा मार्टिनेज ने राजनीति में भी हाथ आजमाया था।

## बेटे अभिषेक की सफलता देख खुशी से झूमे बिग बी, पोस्ट शेयर कर लिखा- 'गर्व शब्द छोटा पड़ गया'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने हाल ही में बेटे अभिषेक बच्चन की तारीफ में सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। वे जूनियर बच्चन की प्रतिभा पर इतने खुश हैं कि गर्व शब्द भी उन्हें छोटा महसूस हो रहा है।अभिषेक बच्चन इन दिनों अपनी फिल्म 'बी हैप्पी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है और इसे काफी तारीफ मिल रही हैं। इसे लेकर अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर एक के बाद एक पोस्ट शेयर कर बेटे अभिषेक बच्चन की खूब जमकर तारीफ कर रहे हैं। बेटे की प्रतिभा देख उनकी छाती चौड़ी हो गई है। वे इतने खुश हैं कि उन्हें गर्व शब्द भी छोटा लग रहा है। अमिताभ बच्चन के खुश होने की एक और वजह भी है, जो उन्होंने हालिया पोस्ट के जरिए बताई है। दरअसल, हाल ही में ताशकंद में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभिषेक बच्चन फिल्म 'घूमर' के लिए सम्मानित हुए। इंटरनेशनल मंच पर बेटे की यह सफलता देख बिग बी ने एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, 'अभिषेक, ताशकंद में तुम्हें सम्मानित किया जाना, तुम्हारे गानों के लिए वहां के लोगों का प्यार... एक पिता के रूप में मेरे लिए बहुत गर्व का क्षण है... और अब तुम्हारी नई फिल्म 'बी हैप्पी' नंबर 1 पर ट्रेंड कर रही है... सभी का आशीर्वाद और प्यार तुम पर बना रहे'। बिग बी ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि फेस्टिवल में अभिषेक बच्चन सभी से मिलते नजर आ रहे हैं। फिर वे मंच पर जाते हैं। बिग बी ने आगे लिखा है, 'फिल्म 'घूमर' ताशकंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सेंटर स्टेज पर है। पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली फिल्म, सिनेमा की ताकत का जश्न मनाया जा रहा है'। इसके अलावा अमिताभ बच्चन ने एक और पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'पुत्र की प्रतिभा को सुन देखकर, एक पिता के लिए गर्व का शब्द छोटा पड़ जाता है। आभामंडल को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता है। शब्दों में प्रतिभा कैद नहीं होती'। बिग बी के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। बिग बी के फैंस लिख रहे हैं, 'बेटे की सफलता पर एक पिता के रूप में आपकी खुशी समझ सकते हैं'।




## 'स्त्री 2' का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब पहुंची 'छावा'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित और विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना द्वारा अभिनीत 'छावा' का आज सिनेमाघरों में पांचवां मंगलवारथा। चलिए जानते हैं फिल्म ने आज कितनी कमाई की। विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और पहले दिन से ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मजबूती के साथ अपनी पकड़ बनाए हुए है। फिल्म पहले ही 500 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो चुकी है और अब यह धीरे-धीरे कमाई के मामले में आगे बढ़ रही है। 'छावा' पहले ही कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। फिल्म सिनेमाघरों में अपने पांचवें हफ्ते में है। चलिए जानते हैं फिल्म ने आज कितना कलेक्शन किया लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित और विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना द्वारा अभिनीत 'छावा' का आज सिनेमाघरों में पांचवां मंगलवार था। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, छावा ने आज अपने 33वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 2.02 करोड़ रुपये की कमाई की। बीते दिन की कमाई के अनुसार, आज इसकी कमाई में गिरावट दर्ज की गई। बीते दिन यानी पांचवें रविवार को फिल्म ने 2.65 करोड़ रुपये की कमाई की थी। छावा की कुल कमाई 567.32 करोड़ रुपये हो चुकी है। चौथे हफ्ते के दौरान फिल्म 500 करोड़ रुपये के क्लब में भी शामिल हो गई थी और इसके साथ ही फिल्म ने 'गदर 2' और 'पठान' का रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।